



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 86 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 26 दिसम्बर 2025 डाक 27 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



**देश-विदेश**
केरल के तिरुवनंतपुरम निगम में 45 साल का वाम शासन खत्म, भाजपा ने वीवी राजेश को मेयर प्रत्याशी बनाया



**कोरिया पेज**
विश्व शांति का संदेश लेकर कोरिया पहुँची लिम्का वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम




## जयपुर में मस्जिद के बाहर रेलिंग हटाने पर बवाल भीड़ ने किया पथराव, 6 पुलिसवालों के सिर फूटे

**जयपुर, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जयपुर जिले के चौमू कस्बे में आधी रात के बाद अचानक सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। एक मस्जिद से जुड़े विवाद के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर पत्थरबाजी कर दी, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालात बिगड़ते देख पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा। कड़ी कार्रवाई के बाद कुछ घंटों में स्थिति पर काबू पा लिया गया।



जानकारी के अनुसार, कल शाम से मस्जिद परिसर के पास सड़क किनारे पड़े पत्थरों को हटाने का कार्य चल रहा था। यह पत्थर लंबे समय से आबादी क्षेत्र में सड़क पर पड़े थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी। पत्थर हटाने की कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। विरोध के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक पुलिस बल पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल ऑपरेशन कमिश्नर राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार और मनीष अग्रवाल मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए हालात को नियंत्रण में लिया। घटना के बाद एहतियातन चौमूं बस स्टैंड और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संभागीय आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए चौमूं क्षेत्र में 26 दिसंबर सुबह 7 बजे से 27 दिसंबर सुबह 7 बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है।

## पुणे में अजित और शरद पवार मिला सकते हैं हाथ ठाकरे बंधुओं के गठबंधन से कांग्रेस भी सहमत



**मुंबई।** महाराष्ट्र में निकाय चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों ने गठबंधन के लिए अपने विकल्प खुले रखे हैं। सत्ताधारी महायुति गठबंधन का हिस्सा अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी पार्टी, पुणे के निकाय चुनाव में शरद पवार की पार्टी एनसीपी एसपी के साथ गठबंधन कर सकती है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने भी इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि अजित पवार ने अभी तक विचारधारा नहीं छोड़ी है। दोनों पार्टियों के साथ आने की खबरों पर जब एनसीपी एसपी नेता सुप्रिया सुले से बात की गई तो उन्होंने कहा, बेशक, दोनों पार्टियां गठबंधन पर विचार कर रही है। अजित पवार बार-बार कहते रहे हैं कि उन्होंने अभी तक विचारधारा नहीं छोड़ी है। ठाणे में भी एनसीपी अकेले दम पर चुनाव लड़ सकती है। एनसीपी का कहना है कि ठाणे में महायुति के घटक दलों ने अभी तक उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित नहीं किया है। एनसीपी प्रवक्ता आनंद परांजपे ने दावा किया है कि भाजपा और शिवसेना ने ठाणे में सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है लेकिन एनसीपी को बातचीत के लिए नहीं बुलाया गया है। हालांकि एनसीपी का ये भी कहना है कि अगर उन्हें सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए बुलाया जाता है तो वे उसके लिए तैयार हैं। महाराष्ट्र के बीएमसी समेत 29 नगर निकाय में चुनाव के लिए 15 जनवरी को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया शुरू भी हो गई है।

## दिल्ली-एनसीआर में सस्ता होगा एयर प्यूरीफायर, दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से 10 दिन में मांगा जवाब

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाई कोर्ट में शुक्रवार को प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में लगातार खराब स्थिति में चल रही हवा पर नाराजगी जताई। दिल्ली हाईकोर्ट ने हवा की क्वालिटी को देखते हुए एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर केंद्र सरकार को 10 दिनों के अंदर डिटेल में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। जस्टिस विकास महाजन और विनोद कुमार की वेकेशन बेंच ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया है। साथ ही इस मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी को तय की।

## क्या ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी बच्चों के लिए बैन होगा सोशल मीडिया, मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र को दी सलाह

**ऑस्ट्रेलिया।** दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दी है। वहीं, अब भारत में भी इसको लागू करने की चर्चा चल रही है। दरअसल,मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने केंद्र सरकार को सुझाव दिया है कि वह ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर कानून लाने की संभावना तलाशे, जिसमें 16 वर्ष



से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए। मदुरै जिले के एस विजयकुमार ने 2018 में जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की गई थी कि अश्लील सामग्री आसानी से उपलब्ध है और छोटे बच्चों के लिए सुलभ है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और तमिलनाडु बाल अधिकार संरक्षण आयोग से अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं से लोगों में जागरूकता पैदा करने का निर्देश देने की मांग की थी।

उनका तर्क था कि कि इंटरनेट पर अश्लील सामग्री और चाइल्ड सेक्शुअल अब्यूज मटेरियल आसानी से उपलब्ध है और यह नाबालिग बच्चों तक पहुंच रहा है, इससे बच्चों का मानसिक और भावनात्मक विकास खतरे में पड़ रहा है।

## प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस नेताओं ने दी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर श्रदांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री एवं रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। डॉ. मनमोहन सिंह समानता में विश्वास रखने वाले, दृढ़ निश्चयी, साहसी और गरिमापूर्ण व्यक्तित्व की मिसाल थे, जो सच्चे अर्थों में देश की प्रगति के लिए समर्पित रहे। उनकी सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति उनका समर्पण सदैव हम सबको प्रेरणा देता रहेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, उनकी पहली पुण्यतिथि पर हम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के भारत के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अपार योगदान को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं।

## आदमी से जीत सकता हूं, मशीन से नहीं, चुनाव हारने के बाद खेसारी लाल यादव का बड़ा बयान



**छपरा।** खेसारी लाल यादव का एक बयान फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खेसारी लाल यादव बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में छपरा सीट से आरजेडी के उम्मीदवार थे। बिहार में छपरा सीट से खेसारी को टिकट मिलने के बाद इस सीट की चर्चा पूरे देश में थी। खेसारी लाल यादव ने चुनाव में माहौल भी खूब बनाया। तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने खेसारी के लिए प्रचार भी किया। लेकिन छपरा सीट से खेसारी लाल यादव को निराशा हाथ लगी। खेसारी लाल यादव छपरा सीट से चुनाव हार गए। एनडीए की उम्मीदवार छोटी कुमारी ने खेसारी लाल यादव को हरा दिया।

चुनाव परिणाम आने के बाद खेसारी ने छपरा की जनता को धन्यवाद दिया और बताया कि वह राजनीति के लिए बने ही नहीं हैं। अब छपरा सीट पर हार के बाद खेसारी लाल यादव का एक बयान फिर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में खेसारी लाल यादव कह रहे हैं कि उन्हें राजनीति करनी नहीं आती, वह राजनीति में आना ही नहीं चाहते थे, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनी कि उन्हें चुनाव लड़ना पड़ा। उन्होंने कहा इस चुनाव में यह भी पता चला कि कौन उनका अपना है। आगे उन्होंने कहा कि कोई भी आदमी से जीत सकता है मशीन से नहीं। अब उनका यह बयान जमकर वायरल हो रहा है। बीजेपी उम्मीदवार छोटी कुमारी ने खेसारी लाल यादव को 8000 वोटों से हरा दिया था। यह सीट हॉट सीटों में से एक थी। अब खेसारी लाल यादव चुनाव हारने के बाद ठीकरा ईवीएम पर फोड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

## रांची के पर्ल ऑर्किड अपार्टमेंट में लगी आग टॉप फ्लोर से उठने लगा धुआं, मची अफरातफरी

**रांची, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

रांची के पर्ल ऑर्किड अपार्टमेंट में शुक्रवार को अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। घटना की सूचना मिलते ही अपार्टमेंट में रहने वाले लोग घरों से बाहर निकल आए और तुरंत दमकल विभाग को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग जिस फ्लैट में लगी थी, वहां रखा घरेलू सामान आंशिक रूप से जल गया, हालांकि समय रहते आग



बुझा लेने से बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद धुएं का गुबार पूरे अपार्टमेंट में फैल गया था, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई।

कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति भी एहतियातन बंद कर दी गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। प्रशासन ने अपार्टमेंट प्रबंधन को बिजली व्यवस्था की जांच कराने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## विदेश में राहुल पर नजर रखते हैं दूतावास के लोग, सैम पित्रोदा के दावे ने चौंकाया



**नईदिल्ली 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने राहुल गांधी के विदेश दौरे को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के विदेश दौरे के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है। दरअसल, एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू के दौरान सैम पित्रोदा ने राहुल गांधी के जर्मनी दौरे को लेकर सत्ता पक्ष के आरोपों को खारिज करते भारत में लोकतंत्र की स्थिति, संस्थानों के कथित वेपनाइजेशन समेत कई संवेदनशील मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर कांग्रेस नेता पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी के विदेश यात्रा अचानक नहीं होती, बल्कि महीनों पहले ही तय हो जाता है।

उन्होंने बताया कि जर्मनी दौरे का मुख्य उद्देश्य प्रोग्रेसिव अलायंस की बैठक थी, जिसमें करीब 110 देशों की डेमोक्रेटिक पार्टियां शामिल होती हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े देश में हर वक्त कुछ न कुछ होता रहता है। इसलिए टाइमिंग को लेकर सवाल हमेशा उठेंगे। इसमें उन्होंने दावा किया कि कहा- मैंने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, हमें बताया गया कि कई बार दूतावास लोगों को फोन करके कहा जाता है कि वे राहुल गांधी से न मिलें। हालांकि, इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं। उन्होंने इसे सरकार की तरफ से जासूसी जैसा कदम बताया और कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है

## तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दोस्तों की दर्दनाक मौत

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर देवीलाल पार्क के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आरोपित चालक ट्रेलर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।



कैंप थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले में शौलाका गांव के रहने वाले इरशाद के शिकायत दी है कि वह और उसका साथी ईसा बृहस्पतिवार रात कैंप मार्केट से काम निपटाकर घर जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि उनके ही गांव के दो युवक, मजलिस और मुस्ताक मोटरसाइकिल पर सवार होकर फ्लाईओवर से होडल की तरफ उतर रहे थे। तभी फरीदाबाद की ओर से आ रहे एक भारी भरकम सामान से लदे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से चलाते हुए बाइक को पीछे से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक ट्रेलर के नीचे आ गए।

## गंदा पानी, कीड़े-मकोड़े और चूहों से भरी कोठरी... जेल में बंद इमरान खान की पत्नी बुशरा को लेकर UN ने जताई चिंता

**नई दिल्ली 26 दिसम्बर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बेगम बुशरा बीबी लंबे समय से जेल में बंद हैं। इमरान खान की बीबी बुशरा खान को ऐसी परिस्थितियों में हिरासत में रखा गया है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र ने बुशरा बीबी की सेहत को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा अधिकारियों से स्थिति से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार उच्चायुक्त



कार्यालय (ओएचसीआर) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में पाकिस्तान की सरकार को लताड़ लगाई है और परिस्थितियां सुधारने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि राज्य का यह दायित्व है कि वह बुशरा बीबी खान के स्वास्थ्य की रक्षा करे और मानवीय गरिमा के अनुकूल हिरासत की स्थितियों को सुनिश्चित करे। स्वास्थ्य एवं मानव संसाधन मंत्रालय (ओएचसीएचआर) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बुशरा बीबी खान को वर्तमान में अडियाला जेल में एक छोटी, हवा रहित कोठरी में रखा गया है, जो कथित तौर पर गंदी, अत्यधिक गर्म और कीड़े-मकोड़ों और चूहों से भरी हुई है।

बिजली कटौती के कारण कोठरी में अंधेरा छा जाता है। उन्हें कथित तौर पर दूषित पीने का पानी और अत्यधिक मिर्च पाउडर के कारण अखाद्य भोजन दिया जाता है। इसी वजह से उनका वजन करीब 15 किलोग्राम वजन कम हो गया है, आरोप है कि बुशरा बीबी खान को ऐसी परिस्थिति में रखा गया है, जिससे उनको बार-बार संक्रमण होते हैं, बेहोशी के दौरे पड़ते हैं और दांत में फोड़ा और पेट का अल्सर जैसी चिकित्सा संबंधी जटिलताएं अनुपचारित रह गई हैं।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## पंचकूला में वार्डबंदी पर सियासी भूचाल, कांग्रेस के हाईकोर्ट जाने के संकेत, आपत्तियों पर मंथन तेज

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला की प्रस्तावित वार्डबंदी की ड्रॉफ्ट नोटिफिकेशन ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। कांग्रेस सहित 10 विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने वार्डों के स्वरूप पर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराते हुए प्रशासन के समक्ष सवालों की लंबी सूची प्रस्तुत की है। इन आपत्तियों के समर्थन में सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर हैं, जिससे यह मुद्दा अब केवल कागजी नहीं बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा मामला बन गया है। कांग्रेस ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि उनकी आपत्तियों को गंभीरता से नहीं लिया गया और वार्डबंदी में आवश्यक सुधार नहीं किए गए, तो पार्टी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने से पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेस का आरोप है कि वार्डों की सीमाएं राजनीतिक लाभ-हानि को ध्यान में रखकर तय की गई हैं, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जननायक जनता पार्टी (जजपा) भी इस घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है। जजपा ने कई वार्डों की भौगोलिक और जनसंख्या संरचना को लेकर आपत्तियां जताई हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि वर्तमान ड्राफ्ट में कई वार्ड असंतुलित हैं, जिससे भविष्य में प्रशासनिक और चुनावी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। 21 दिसंबर को उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त कार्यालय में आपत्ति व सुझाव देने की अंतिम तिथि थी। अब शुक्रवार को उपायुक्त सतपाल शर्मा इन सभी आपत्तियों की समीक्षा कर अर्बन लोकल बाडीज डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को रिपोर्ट भेज सकते हैं।

## राज्यपाल डेका ने वीर बाल दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की



**रायपुर 26 दिसम्बर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में वीर बाल दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। वीर बाल दिवस गुरू गोविंद सिंह के साहिबज़ादों के बलिदान, पराक्रम और अत्याचार के सामने न झुकने की सीख को याद करने का अवसर है। इन्होंने बाल्यकाल में ही धर्म और राष्ट्र की मर्यादा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर लोकभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

## तलाकशुदा महिला का दिनदहाड़े मर्डर, सगे भाई ने ही धारदार हथियार से काटा गला

**रोहतक।** शहर के माता दरवाजा चौक क्षेत्र में वीरवार सुबह ऑनर किलिंग की वारदात सामने आई। 35 वर्षीय ब्यूटी पार्लर संचालिका माया की उसके सगे भाई ने तेजधार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। घटना सुबह करीब साढ़े दस बजे उस समय हुई, जब माया अपने पार्लर में मौजूद थी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। जांच में सामने आया है माया की शादी करीब दस वर्ष पहले पंजाब में हुई थी। दंपती की कोई संतान नहीं थी। तीन माह पूर्व माया ने पति से तलाक लिया था। अब माया खोखराकोट क्षेत्र में एक युवक के साथ किराये के मकान में रह रही थी। इसी बात को लेकर उसका भाई जवाला प्रसाद नाराज था व बहन के चरित्र पर संदेह करता था। उसने हत्या की योजना बनाई। पूछताछ में उसने बताया कि बहन किसी युवक संग किराए के मकान में उनसे अलग रहती थी। लोग उसे ताने मारते थे।

## जगन्नाथ धाम व कोणार्क की यात्रा पर रवाना हुए यूथ हॉस्टल के सदस्य

**कोरबा ।** कोरबा जिले में साहसिक और रोमांचक गतिविधियों के अलावा पर्यावरण जैसे विषय पर काम करने वाले यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों का एक समूह जगन्नाथ पुरी और कोणार्क की यात्रा पर रवाना हुआ है। इसमें कोरबा, रायपुर, कवर्धा, रायगढ़ और बिलासपुर इकाइयों के सदस्यों को भी शामिल किया गया है। नेहरू नगर से इन सदस्यों को डीएसपीएम पावर प्लांट के मुख्य अभियंता और संस्था के संरक्षक संजीव कंसल ने रवाना किया। इससे पहले मौके पर पूजा अर्चना की गई। श्री कंसल ने कहा कि नए लोगों से परिचय करने के साथ यात्रा एक अच्छा कांसेप्ट है।

सदस्यों के प्रस्थान के दौरान चेयरमैन संदीप सेठ सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बताया गया कि यूथ हॉस्टल की यह टीम ओडिशा के महत्वपूर्ण शहर जगन्नाथपुरी में भगवान के दर्शन पूजन के साथ मंदिर के ध्वज, समुद्र से जुड़े रहस्य को समझने की कोशिश करेगी।

## नेशनल जू-जित्सु में जिले को मिला पांच स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक

**कोरबा।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में 19 से 23 दिसंबर तक आयोजित जू-जित्सु राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में लेवल अप एमएमए एकेडमी, कोरबा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा साबित की है। जिले के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 1 रजत व 7 कांस्य पदक सहित कुल 13 पदक जीतने में सफल रहे हैं। टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता स्नेहा बंजारे ने निभाया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को जू-जित्सु संघ के जिला प्रभारी के मार्गदर्शन में निरंतर सहयोग प्राप्त होता रहा। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में आर्या सेठी, अवनी शर्मा, अगस्त्य शर्मा, प्रणव कुमार निर्मलकर, रजत पदक विजेता में आर्नव यादव व कांस्य पदक जीतन वालों में विधि विजयवर्गीय, दीपेंद्र चंद्रा, अवनी शर्मा, अद्बितीय यादव, अगस्त्य शर्मा, दीपेंद्र चंद्रा शामिल हैं। जबकि हृदय मंडल, आराध्य सोनी, रुद्र शर्मा, देवराज गोगोई ने तीन राउंड जीतकर उत्कृष्ट प्रदान किया। इस उपलब्धि पर जू-जित्सु संघ के प्रभारी अविनाश बंजारे, अध्यक्ष प्रेमराज बंजारे, सचिव देवाशीष कश्यप आदि ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

## जिले की बेटी कुसुम ने शॉट बाल चैंपियनशिप में दिलाया स्वर्ण पदक

**कोरबा ।** कबड्डी के बाद अब शॉट बाल की दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में जिले की कुसुम साहू ने अपने देश को चैंपियन ट्राफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। यह चैंपियन ट्राफी नेपाल के पोखरा में 16 से 19 दिसंबर तक आयोजित प्रथम दक्षिण एशियाई गोल शॉट बॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर हासिल की है। कुसुम पुरानी बस्ती कोरबा के भंडारी चौक के ट्रक चालक संपत लाल साहू और धनलक्ष्मी साहू की बेटी है। बेटी की सफलता पर पूरा परिवार गर्व महसूस कर रहा है।

कुसुम साहू ने कहा कि चार दिन के इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दक्षिण एशियाई देशों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किए। भारतीय टीमों के मार्गदर्शन और नेतृत्व की जिम्मेदारी भिवानी, हरियाणा के प्रशिक्षकों ने संभाली थी।

परमवीर सिवाच ने पुरुष टीम को कोचिंग दी, जबकि विवेक कुमार, खरक महिला टीम के मुख्य कोच रहे। टीम का नेतृत्व अमित कौशिक, उमरावत ने किया। कुसुम साहू ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कई देशों की टीमों और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। वह छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल थीं और उनका प्रदर्शन बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई सालों से इस खेल के लिए मेहनत कर रही हैं और आगे भी खेलना चाहती हैं, ताकि भारत, छत्तीसगढ़ और कोरबा का नाम रोशन कर सकें।

## एसईसीएल स्टाक एक्सचेंज में शामिल होगी,मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के बोर्ड ने सर्वाधिक कोयला उत्पादन करने वाली अपनी दो प्रमुख अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) और एमसीएल को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।यह फैसला कोयला मंत्रालय के 16 दिसंबर के निर्देश के बाद लिया गया, जिसमें एसईसीएल और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को अगले वित्तीय वर्ष (2026-27) में लिस्ट करने के लिए कहा गया था।एसईसीएल कोल इंडिया की सबसे उत्पादक अनुषंगी कंपनियों में से एक है। इसका मुख्यालय बिलासपुर में है और यह छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर खनन कार्य संचालित करती है। जिसका सबसे बड़ा हिस्सा कोरबा जिले की खदानें है, जहां से कोल इंडिया के कुल कोयला उत्पादन का करीब 18 फीसदी हिस्सा निकलता है। इसी तरह से इतना ही कोयला उत्पादन की हिस्सेदारी एमसीएल के पास है। जिसका मुख्यालय और खदाने छत्तीसगढ़ से सटे उड़ीसा राज्य में स्थित है। गेवरा प्रोजेक्ट एशिया की सबसे एसईसीएल की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में कंपनी ने 167 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया। एसईसीएल की गेवरा खदान एशिया की सबसे बड़ी ओपनकास्ट कोयला खदान है, जिसका विस्तार और तकनीकी आधुनिकीकरण में कंपनी अग्रणी रही है।इस खबर के बाद कोल इंडिया के शेयरों में 3 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई और यह 7 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। आज गुरुवार को यह 404 रुपए पर था।

## घर में घुसकर बासी खाया और चोरो ने पार कर दिया 2.5 लाख का समान

**कोरबा ।** कोरबा जिले के सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बरपारा कोहड़िया की बाबाडेरा बस्ती में चोरी की घटना घटित हुई हैं। चोरों ने एक सूने मकान की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और लगभग 1 लाख रुपए नकद सहित सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। इतना ही नहीं, चोरी के बाद चोर फ्रिज में रखा बासी खाना भी खाया। मकान मालिक ने इसकी शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस से की है।जानकारी के अनुसार, संजय केवट नामक व्यक्ति के घर में यह चोरी हुई है। संजय केवट अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जांजगीर-चांपा में एक पारिवारिक समारोह में गए हुए थे। जब वे वापस लौटे और घर का ताला खोला, तो उन्होंने सारा सामान बिखरा हुआ पाया, जिसके बाद उन्हें चोरी का संदेह हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोर घर के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे थे। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोर कुछ पेटी और अन्य सामान घर के बाहर फेंक कर भाग गए थे।

मकान मालिक संजय केवट ने बताया कि वह चौपाटी में फास्ट फूड की दुकान चलाते हैं और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ने अलमारी में 1 लाख रुपए नकद रखे थे, जिसे चोर सोने-चांदी के जेवरात के साथ ले गए।

# नगर निगम के दर्री जोन के 08 वार्डो को मिली 02 करोड़ 42 लाख रू.के विकास कार्यो की सौगात

### प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में किया गया विकास कार्यो का भूमिपूजन

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन के 08 वार्डो को 02 करोड़ 42 लाख रूपये के नये विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में पृथक-पृथक स्थानों में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके करकमलों से किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने विकास कार्यो का भूमिपूजन करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में इन कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 48 अंतर्गत इतवारी बाजार में 19 लाख 08 हजार रूपये की लागत से नॉन-वेजीटेबल मार्केट का उन्नयन कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल दर्री में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत (कलमीडुग्गू धनवारपारा) में 05 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. छत एवं टाईल्स निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत दर्री कन्वेयर बेल्ट के नीचे मछली मार्केट में 05 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 49 अंतर्गत राजीवनगर में रामनारायण घर से लीला नायक घर तक गौरा चैरा से दुर्गा पण्डाल तक एवं अरखित साहू घर से आर.डी.सिंह घर तक 15 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 51 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी तालाब में जल संवर्धन हेतु 25 लाख रूपये की लागत से पचरी, सी.सी. रोड, गहरीकरण इत्यादि निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 52 अंतर्गत प्रा.शा. अयोध्यापुरी में 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत दर्री कन्वेयर बेल्ट के नीचे मछली मार्केट में 10 लाख रूपये की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 47 अंतर्गत लारीपारा में स्कूल के पास से मुक्तिधाम तक एवं वार्ड क्र. 51 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 47 जमनीपाली में कबीर सदन के पास 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 प्रा.शा. जमनीपाली में 10 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 अंतर्गत जमनीपाली कैलाश बीज भण्डार से सुराजी दास घर तक 20 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 अंतर्गत गोपालपुर में 16 लाख 95 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 कुमगरी में विभिन्न स्थानों में 20 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 54 बरेड़ीमुड़ा कुमगरी में सेमीपाली बी.टी. रोड में 19 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट एवं नाली निर्माण कार्य कराया जाना हैं। कलमीडुग्गू, अयोध्यापुरी व लारीपारा जमनीपाली में पृथक-पृथक आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन कार्यो का भूमिपूजन उद्योग मंत्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विगत 02 वर्षो में छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ-साथ कोरबा के विकास को भी तेज गति प्राप्त हुई है, विकास के साथ-साथ इस दौरान दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभांन्वित किया गया है।

उन्होने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की 101वीं जयंती के शुभ अवसर पर दर्री जोन के इन वार्डो में 02 करोड़ 42 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया, निगम क्षेत्र में प्रतिदिन नये-नये विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं, विगत 02 वर्षो में निगम क्षेत्र में लगभग 800 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए, जिसमें से कुछ पूर्ण हो चुके हैं, कुछ प्रगतिरत एवं प्रक्रियाधीन हैं। उन्होने कहा कि कोरबा के विकास में किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं होने दिया जाएगा, न ही धनराशि की कोई कमी होगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास को सही गति व दिशा दी गई है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, तब विषम परिस्थितियों में भी उन्होने छत्तीसगढ़ की दशा व दिशा बदली और अब वहीं कार्य मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार भी कर रही है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा की जनता ने कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन को अपना विधायक चुना, मुझे अपना महापौर चुना, यह उनका हम पर भरोसा था, मैं यकीन दिलाती हूँ कि कोरबा की जनता जनार्दन का यह भरोसा कभी नहीं टूटेगा, उनका विश्वास सदैव कायम रहेगा।

उन्होने कहा कि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है, जो आगे भी जारी रहेंगे। कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव व कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का भरपूर सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

अयोध्यापुरी सहित उक्त क्षेत्र के पार्षदों व नागरिकों की मांग पर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने अयोध्यापुरी में 40 लाख रूपये की लागत से सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा करी, इस सामुदायिक भवन केनिर्माण से अयोध्यापुरी सहित आसपास की बस्तियों, आवासीय क्षेत्रों में निवासरत आम नागरिकों के शादी-विवाह व सार्वजनिक कार्यक्रमों हेतु एक सर्व सुविधायुक्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, पूर्व पार्षद डॉ. रमेश चंद पाण्डेय, कविता राजपूत, मनोज अग्रवाल, संजय कुर्मवंशी, ईश्वर साहू, अजय चन्द्रा, लक्की नंदा, नारायण सिंह, योगेश्वर गुप्ता, कालंदी राजवाड़े, चन्द्रिका मरकाम, विजय मिर्री, भोला राठौर, रामकुमारी यादव, उर्मिला साहू, विमला केंवट, अर्चना ठाकुर, मोहित मरकाम, निगम के जोन कमिश्नर तपन तिवारी, सहायक अभियंता यशवंत जोगी, रितेश सिंह, आशमा डहरिया, किशोर साहू आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने अटल डिजिटल सेवा केंद्र का किया लोकार्पण

**कोरबा ।** कोरबा जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत झाबर में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का लोकार्पण कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने रिबन काटकर किया। जिले में 22 अटल डिजिटल सेवा केंद्र क्षमता विकास मद से स्वीकृत किए गए हैं। इस मद के तहत यह पहला सेवा केंद्र पूर्ण हुआ है। इसके साथ ही डी एम एफ मद से प्रत्येक विकासखंड में 10-10 अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि ग्रामीणों को बैंक और शासकीय सेवाओं के लिए शहरों की ओर नहीं भटकना पड़ेगा। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों के माध्यम से मजदूरों को जी-राम-जी योजना की राशि निकालने, किसानों को धान खरीदी हेतु एग्रीस्टेक पंजीयन व टोकन कटवाने जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पेंशन, महतारी वंदन योजना, जी-राम-जी योजना की राशि अब ग्रामीण किसी भी दिन अपने गांव में ही निकाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, पैन कार्ड, श्रमिक कार्ड, बैंकिंग सेवाएं (निकासी, जमा, ट्रांसफर), वोटर कार्ड नया/सुधार, पीएम विश्वकर्मा योजना, बी-1, नक्शा-खसरा, विभिन्न ऑनलाइन फॉर्म जैसी अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह के दौरान विकासखंड स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जयंती के अवसर पर रामायण पाठ किया गया तथा नरेंद्र मानस मंडली, ग्राम झाबर द्वारा सुंदर कांड पाठ का सुमधुर गायन प्रस्तुत किया गया। वहीं जय मां गौरी समूह झाबर की महिलाओं द्वारा सुवा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर जनपद सीईओ यशपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि नीलेश कुमार साहू, जनपद सदस्य बसंत कंवर, सरपंच झाबर राम सिंह कंवर, मंडल अध्यक्ष दीपका राजू प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष दीपका मुकेश जायसवाल, भाजपा नेता मन्नू साईं राठौर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी आर.के. शिवालय, सरपंच बेलटिकरी श्रीमती गौरी कंवर, सरपंच बतारी राजूलाल श्रोते, उपसरपंच झाबर श्रीमती प्रिया साहू, पंचायत सचिव धरमराज मरकाम, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के ब्लॉक समन्वयक, रोजगार सहायक देव कुमार यादव, सक्रिय महिला रामप्यारी ध्रुव, लक्ष्मी सिंद्राम, अमर कंवर, प्रमोद कौशिक, पूर्व सरपंच झाबर चंद्रपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत करतला पाली एवं पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम पंचायतों में भी अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दूरदर्शी नेता, सशक्त वक्ता और सभी दलों के सम्माननीय व्यक्तित्व थे अटल बिहारी वाजपेयी : लखन

**कोरबा।** आज भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। विवेकानंद उद्यान के समीप अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्य अतिथि श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि सुशासन दिवस 19 से 25 दिसम्बर तक राज्य सरकार द्वारा अटल जी की जयंती के अवसर पर मनाया गया। उन्होंने कहा कि अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व का वर्णन शब्दों में संभव नहीं। वे दूरदर्शी नेता, सशक्त वक्ता और सभी दलों के सम्माननीय व्यक्तित्व थे। उनके नेतृत्व में देश ने सड़क, शिक्षा, परमाणु शक्ति जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रगति की। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। उनके प्रयासों से आज छत्तीसगढ़ विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार है जिन्होंने पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण की पहल की। कोरबा का अटल परिसर राज्य के सर्वश्रेष्ठ परिसरों में से एक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा आज राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा गांव-गांव में अटल चौक निर्माण की पहल को भी याद किया।

## नए साल से नई टाइमिंग में चलेंगी ट्रेनें

**कोरबा ।** नए साल के साथ ही ट्रेनों का टाइम टेबल बदलने जा रहा है। 01 जनवरी से दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे (एसईसीआर) जोन से चलने वाली और होकर गुजरने वाली 55 एक्सप्रेस और 8 पैसेंजर ट्रेनों को नई समय-सारिणी के अनुसार संचालित किया जाएगा।

रेलवे विभाग ने जानकारी देते हुए बताया की इससे मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में 10 से 25 मिनट और पैसेंजर ट्रेनों में 5 से 20 मिनट तक के परिचालन समय की बचत होगी। रेलवे ने 11 एक्सप्रेस और 17 पैसेंजर ट्रेनों के समय में सुधार करते हुए कुल मिलाकर करीब 340 मिनट की समय बचत की है। इसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा और यात्रा पहले की तुलना में तेज और सुगम होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, हर साल की तरह इस बार भी विभिन्न सेक्शनों में आधारभूत संरचना विकास के बाद ट्रेनों की गति बढ़ाने और ठहराव व सेक्शन क्लियरेंस बेहतर करने के उद्देश्य से टाइम टेबल में संशोधन किया गया है।

## ग्राम ठरकपुर में एनएसएस शिविर का हुआ भव्य समापनं

### विधायक फूल सिंह राठिया एवं जनपद अध्यक्ष अशोक बाई कंवर रहे मुख्य अतिथि

**कोरबा ।** कोरबा जिले के विकासखंड करतला अंतर्गत ग्राम ठरकपुर स्थित शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष अशोक बाई कंवर शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर श्रीफल अर्पण एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक फूल सिंह राठिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। साथ ही उन्होंने शिक्षा को समाज की प्रगति की आधारशिला बताया और विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।



जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोक बाई कंवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाती है। उन्होंने छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की और कहा कि आज का युवा यदि सही दिशा में आगे बढ़े तो समाज से कई बुराइयों को दूर किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि यह एनएसएस शिविर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कराई नारा द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य विषय 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' रखा गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नशे के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता गतिविधियाँ चलाई गईं और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी रंगारंग आयोजन किया गया। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आनंद लिया। साथ ही विश्राम कंवर (सरपंच कोथारी), विधायक प्रतिनिधि अमर खांडे, द्वारिका कौशिक, प्रवीण ओगरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भी समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस शिविर की सराहना करते हुए अतिथियों ने आयोजकों और विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और समाज हित में ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

## हरदीबाजार भाजपा मंडल ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाया सुशासन दिवस

**कोरबा।** भारतीय राजनीति के युगपुरुष, देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती को भाजपा मंडल हरदीबाजार द्वारा सुशासन दिवस के रूप में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा सामग्री का वितरण कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की गई।



कार्यक्रम के दौरान स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके अविस्मरणीय योगदान को स्मरण किया गया। साथ ही मंडल अंतर्गत कई शक्ति केंद्रों में भी सुशासन दिवस मनाते हुए कार्यकर्ताओं द्वारा स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री अजय दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. विजय राठौड़, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता शोभा सिंह जगत, मंडल महामंत्री नवरतन सिंह राजपूत, मंडल कोषाध्यक्ष व्यास राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में दिनेश बाजपेई, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल पटेल, रामनारायण सिंह राजपूत, नारायण सिंह कंवर, सुरेश यादव, बालाराम यादव, महेश धवल, देवसिंह कंवर, शिवसेवक पूरी गोस्वामी, विमल पटेल, बाबूलाल केवट, गोरे सिंह कंवर, मुद्रिका प्रसाद यादव, पवन सिंह

## गुरु घासीदास जयंती गुरु पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न

**कोरबा ।** कोरबा नगर पालिका निगम क्षेत्र अंतर्गत पोडीबहार में महान संत, समाज सुधारक एवं सतनाम पंथ के प्रवर्तक सद्गुरु घासीदास बाबा की जयंती (गुरु पर्व) श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के संदेश के साथ धूमधाम से मनाई गई। यह गरिमामय आयोजन सतनामी समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश धारी के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत विधि-विधान के साथ गुरु गद्दी, जोड़ा जैतखाम की पूजा-अर्चना से की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर गुरु बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इसके पश्चात सत्य, अहिंसा और समानता के प्रतीक श्वेत ध्वज को सुरेश धारी के करकमलों से विधिवत चढ़ाया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय भाव उत्पन्न हो गया।

गुरु घासीदास बाबा के जीवन दर्शन, सतनाम पंथ की शिक्षाओं और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबा घासीदास ने 'सतनाम' का उद्घोष कर समाज को सत्य के मार्ग पर चलने, भेदभाव मिटाने और मानवता की सेवा करने की प्रेरणा दी। उनका संदेश आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए पथप्रदर्शक है। कार्यक्रम उपरांत सतनाम प्रसादी भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आगंतुक संत समाज, श्रद्धालुओं एवं उपस्थितजनों को श्री हिमांशु धारी के सौजन्य से प्रसादी ग्रहण कराई गई। प्रसादी वितरण में सामाजिक समरसता और सेवा भाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

## एकल अभियान देवपहरी की उप-संच स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता संपन्न

### प्रतिभागियों ने दिखाई सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्रतिभा

**कोरबा ।** स्वयंसेवी संस्था एकल अभियान देवपहरी के मार्गदर्शन में उप-संच स्तर की सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को विद्यालय परिसर, ग्राम साखो में उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता श्री हरि सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीण अंचल की सत्संग मंडलियों ने अपनी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता की निर्धारित रूपरेखा के अनुसार, प्रत्येक संच केंद्र के अंतर्गत तीन उप-संच स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक उप-संच से चयनित तीन-तीन श्रेष्ठ मंडलियाँ आगे संच केंद्र स्तर पर होने वाली फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस प्रकार कुल 9 मंडलियों के बीच संच स्तरीय मुकाबला होगा, जिसमें से 3 उत्कृष्ट मंडलियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा।आज की उप-संच स्तरीय प्रतियोगिता बंजारीडांड उप-संच अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय ग्राम साखो की आयोजन समिति का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संच समिति सचिव कृष्णा कुमार कंवर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संच संस्कार समिति के अध्यक्ष सीताराम देवांगन ने की। प्रतियोगिता के निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मूल्यांकन हेतु निर्णायक समिति में अमृतलाल रौतिया, बीर सिंह सहित संच समिति के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भक्ति, संस्कार और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से ओत-प्रोत सत्संग प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन श्री हरि सत्संग समिति की सुव्यवस्थित एवं अनुशासित प्रणाली के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती मनाई गई

**जाँजगीर चाम्पा।** प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती पर भाजपाईयो नेकिया नमन, अटलजी की जयंती को जिले मे दिन भर चलता रहा कार्यक्रम 1 जांजगीर मे सभी कार्यकर्ताओ ने अटल चौक जांजगीर में उनकी प्रतिमा मे पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित किया।



इस अवसर पर अटल स्मृति वर्ष के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगोष्ठियों का किया गया आयोजन, जिले के चौक चौराहो पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनके जीवन पर डाकुमेंटरी व प्रदर्शनी का आयोजन भी किया 1 अटल जी का विराट व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को सदैव एक नई प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि अटल जी सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित थे, उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, उनका व्यक्तित्व अत्यंत विराट था। जो उनसे एक बार मिलता उनका कायल हो जाता, वे महान कवि के साथ साथ कुशल संगठक व एक अच्छे नेता थे। कार्यक्रम मे सासंद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, पूर्व सांसद कमला पाटले, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहु, जिला महामंत्री नंद चौधरी, नंदनी रजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष गोस्वामी , मोहन यादव, संतोषी दुबे, हितेश यादव, विवेका गोपाल, अनिल शर्मा, राकेश रुपवानी, उमा सोनी विवेक सिंह, उमेश राठौर, अनुराग तिवारी, प्रेमशंकर थवाईत, सुधीर झाझडिया, गुडडू कहरा, अजित गढ़वाल, दिनेश राठौर, अमित यादव, राजू खान, चुन्नी राठौर, भूपेन्द्र साहु, प्रदीप राठौर, आशीष साव, अजय कौशिक, देवा गढ़वाल, गोलू दुबे , सोनु यादव, संजीता माली, दुलौरिन चौरसिया, शिव चमन ठाकुर, प्रदीप सोनी, राहुल सेन, रितेश राठौर, प्रेमलता कौशिक, रिया यादव, मंजुषा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 238 मामलों में 1 लाख 42 हजार 865 रुपए जुर्माना वसूला

**जांजगीर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने एवं बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से चाम्पा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी व टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान 25 दिसंबर को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन सहायक वाणिज्य प्रबंधक डी.एस. चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक एवं टिकट जांच स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही।



अभियान के दौरान चाम्पा स्टेशन से गुजरने वाली कुल 13 ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। जांच के परिणामस्वरूप बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। 238 मामलों में यात्रियों से 1 लाख 42 हजार 865 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इनमें बिना टिकट यात्रा करने के 165 मामलों से सर्वाधिक 1 लाख 6 हजार 985 रुपये की वसूली की गई। वहीं अनियमित टिकट के 57 मामलों में 33 हजार 980 रुपए व बिना बुक किए गए लगेज के 16 मामलों में 1 हजार 900 रुपए का जुर्माना वसूला गया। रेल प्रशासन के अनुसार यह अभियान रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ यात्रियों को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार की कार्रवाई से ईमानदार यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलती है और रेलवे को राजस्व की क्षति से बचाया जा सकता है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा स्टेशन परिसर में प्रवेश से पहले प्लेटफार्म टिकट अवश्य खरीदें। यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने के लिए फुटओवर ब्रिज का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

# सलुजा ने किया नवपदस्थ बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन से सौजन्य मुलाकात

**जांजगीर चांपा।** जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य कुलवन्त सिंह सलूजा, रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य मूलचंद गुप्ता, विक्रम तिवारी तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल सिंह ने नवपदस्थ बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन से चांपा के अल्प प्रवास में सौजन्य भेंट की और नवपदस्थ मंडल रेल प्रबंधक को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा रेल यात्रियों से जुड़े विभिन्न जनहितकारी विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रतिनिधियों ने बिलासपुर मंडल अंतर्गत स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्लेटफॉर्म सुधार तथा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं महिला यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की मांग की गई। जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य कुलवंत सिंह सलूजा ने कहा कि रेल उपभोक्ताओं की समस्याओं को समय-समय पर प्रशासन तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है, जिससे रेलवे सेवाओं की गुणवत्ता में

निरंतर सुधार हो सके। स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य मूलचंद गुप्ता और विक्रम तिवारी ने बताया कि चांपा रेलवे स्टेशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और स्टेशन की सफाई व्यवस्था को ठीक कराने का सुझाव दिया। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल सिंह ने यात्रियों की सुरक्षा, महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित वातावरण, तथा असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण हेतु रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी के साथ समन्वय को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि रेलवे प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर चरणबद्ध तरीके से आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## थाने से 40 मीटर दूर सूने मकान से 70 हजार का सामान पार

**अकलतरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के पास हुई चोरी की एक बड़ी घटना ने पूरे नगर में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। यह चोरी आनंद जैन के निवास पर हुई। आनंद जैन एवं उनकी पत्नी सरोज जैन 22 दिसंबर को आंखों के ऑपरेशन के लिए रायपुर गए हुए थे। इलाज के बाद वे 24 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे अपने घर लौटे। जब वे घर के सामने पहुंचे तो देखा कि घर की लाइट जल रही थी, जबकि वे जाते समय सभी लाइट बंद कर गए थे। साथ ही मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जिससे उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। कमरे का दरवाजा टूटा हुआ था तथा अलमारी का लॉकर भी जबरन खोला गया था। जांच करने पर पता चला कि लॉकर में रखा नगद 20 हजार रुपये, 15 चांदी के सिक्के, चांदी की पायल, बिछिया एवं अन्य कीमती सामान चोरी हो चुका है।

चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 70 हजार रुपये आंकी जा रही है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस थाना में दी गई। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ की। पुलिस ने दोनों घटनाओं को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं नगरवासियों ने रात्रि गस्त को प्रभावी बनाने और सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने उनके मन में सुरक्षा की भावना को प्रभावित किया है और वे अब अपने घरों में अकेले रहने से डर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे सभी संभावित सुराग जुटाकर अपराधियों को पकड़ने के प्रयास में हैं। उन्होंने नागरिकों से सावधानी बरतने और अपने घरों को सुरक्षित रखने की अपील की है। लॉकर मिला खाली तो जो भी सामान मिला लेकर भागे इसी क्रम में, पुलिस थाना से मात्र 40 मीटर की दूरी पर स्थित वार्ड नंबर 14 के रेवालाल भारद्वाज के सूने मकान में भी चोरों ने चोरी की कोशिश की। चोर घर के अंदर प्रवेश कर अलमारी का लॉकर तोड़ने में सफल हुए, लेकिन लाकर में कोई कीमती वस्तु न होने के कारण चोरी को अंजाम नहीं दे पाए।

# सांसद कमलेश ने कहा पढ़ाई के साथ संस्कार और नैतिक शिक्षा पर जोर दे

**जांजगीर चांपा ।** जाजवल्यदेव चैंपियंस ट्रॉफी 7 ह्यद्बस्नद्द हॉकी प्रतियोगिता का रंगारंग उद्घाटन जांजगीर चांपा लोकसभा के मुख्य अतिथि में नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा विशिष्ट अतिथि जनसेवक इंजी. रवि पांडे, रेखा देवा गढ़वाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला, अरुण झाझडिया अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर जांजगीर नैला, आशुतोष गोस्वामी सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला, रेखा सोनवान पार्षद , योगेश चौरसिया पार्षद, गुड्डू कहरा सभापति, अजीत गढ़वाल सभापति की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वागत भाषण में छत्तीसगढ़ हॉकी के संयुक्त सचिव व *जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष गोपेश्वर कहरा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मेजर ध्यानचंद हॉकी मैदान में सुविधाओं के विस्तार के लिए 10 लाख रुपए की मांग की। और सांसद महोदया से निवेदन किया।* अपने उद्बोधन में जांजगीर चांपा लोकसभा के लोकप्रिय सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि जांजगीर चांपा जिला हॉकी की नर्सरी में छत्तीसगढ़ राज्य में उभरता जिला है। यहां के खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास , अनुशासन व संस्कार से राष्ट्रीय स्तर में



अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जांजगीर चांपा में हॉकी खेल के सुविधाओं के विस्तार के लिए खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने के लिए हॉकी सेंटर के स्थापना के लिए *10 लाख रुपए* की घोषणा की। उन्होंने अयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। एवम सभी खिलाड़ियों की उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे नारायण चंदेल जी ने इस अवसर पर कहा कि जांजगीर चांपा जिला में आयोजित चैंपियंस ट्राफी हॉकी प्रतियोगिता से खिलाड़ियों के प्रतिभा में निखार आएगा। हॉकी खिलाड़ियों के हर सुविधाओं में मदद देकर उनकी प्रतिभा को निखारा जायेगा। उन्होंने बताया कि जांजगीर चांपा जिले के खिलाड़ियों के लिए आने वाले समय में कृत्रिम घास मैदान एस्टोटर्फ के लिए प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जांजगीर चांपा में एस्टोटर्फ निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के खेल मंत्री व भारत सरकार के खेल मंत्री से मिलकर जल्द से जल्द जांजगीर चांपा में एस्टोटर्फ का निर्माण कराने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। जनसेवक व भाजपा नेता रवि पांडे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं । खिलाड़ियों के खेल में निखार आता है । इस प्रकार की प्रतियोगिताएं लगातार होती रहनी चाहिए। सांसद कमलेश जांगड़े ने प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा कर मैच को प्रारंभ कराया। आज का प्रथम मैच जांजगीर पैंथर व जांजगीर टाईगर के मध्य खेला गया । इस मैच में दोनो टीमें एक एक गोल से बराबरी पर रहे। इस मैच के मैन आफ द मैच का खिताब जांजगीर टाईगर टीम के कप्तान सोमदेव खरे को मिला। आज का दूसरा मैच 7 स्टार जांजगीर व मेजर ध्यानचंद अकादमी के मध्य खेला गया। इस मैच में 7 स्टार जांजगीर ध्यानचंद अकादमी को 3- 1 से पराजित किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब 7 स्टार जांजगीर टीम के कप्तान चंद्रजीत सोनवान को मिला। आज के दोनों मैच के अंपायर दीपक खरसन, राज कटकवार, पुष्पेंद्र गढ़वाल, लव कौशिक रहे। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के कृष्णा गढ़वाल जिला अध्यक्ष गोपेश्वर कहरा संयोजक राजीव ठाकुर , विवेका गोपाल, सचिव राकेश गढ़वाल, सुमित सोनवान, लव कौशिक, अमित यादव पार्षद, पलाश चंदेल युवा नेता , अनूप गढ़वाल,दीपक खरसन, राजेश्वर कहरा, चंद्रजीत सोनवान, पुष्पेंद्र गढ़वाल, राज कटकवार, सोमदेव खरे,पप्पू सारथी, अक्षय धीवर, रितिक कहरा , संजना साहू, खुशबू साहू, सीमा रोहिदास, सोनाली यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रयास कैरियर अकादमी के डायरेक्टर अजय अग्रवाल व आभार प्रदर्शन अयोजन समिति के संयोजक राजीव ठाकुर ने किया।



## शौर्य दिवस पर विहिप और बजरंग दल ने शोभायात्रा निकाली, जगह-जगह स्वागत

**बलौदा।** नगर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल इकाई बलौदा ने 25 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाया। इस दिवस पर दोनों संगठन के पदाधिकारी नगर के शिशु मंदिर प्रांगण से परंपरागत वेशभूषा पहने सभी इकटठा हुए।

इसके बाद पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार घोष बैंड की धुन पर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा नगर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए वापस सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा पर फूलों की वर्षा कर अभिवादन किया। इसके बाद नियत स्थान पर समापन किया।

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष शिवाजी अग्रवाल, बजरंग दल प्रखंड संयोजक संकेत कसेर, जिला संयोजक राकेश शर्मा, जिला सह संयोजक कोहिनूर तिवारी, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख दीपक कैवर्त, नगर संयोजक किशन देवांगन, संदीप श्रीवास, रामकुमार बिंद, पवन गुप्ता, पवन यादव, गोलू गुप्ता, वासु साहू, पार्षद 4 राजकुमार कंवर, अवंतिका कटकवार, मयंक देवांगन, कमल शुक्ला, प्रिंस, राजकुमार देवांगन, रविवचन रात्रे, पुरु धीवर, सीताराम कुंभकार जिला मंत्री, रोशन कश्यप जिला सुरक्षा प्रमुख, मयंक श्राफ, सुरक्षा प्रमुख मयंक अग्रवाल सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

## कलेक्टर-एसपी अचानक पहुँचे धान खरीदी केन्द्र, बोड़सरा खरीदी केंद्र में 95 बोरी अवैध धान किया जब्त



**जांजगीर-चांप।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने आज सिवनी (नैला), बोड़सरा,जावलपुर एवं बलौदा स्थित धान खरीदी केंद्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान बोड़सरा धान खरीदी केंद्र में लगभग 95 बोरी अवैध धान पाया गया, जिसका न तो टोकन कटा हुआ था और न ही किसी प्रकार की एंट्री दर्ज थी। उक्त धान को मौके पर ही जब्त किया गया। इस पर कलेक्टर ने खरीदी केंद्र प्रभारी एवं अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पर बोड़सरा समिति प्रबंधक एवं प्रभारी को हटाने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारी को दिए ।

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने आवंटित उपार्जन केंद्रों मे साप्ताहिक आबंटित पी वी को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, उपार्जन केंद्रों में धान की स्टैकिंग निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने निर्देशित किया।

कलेक्टर-एसपी ने सभी खरीदी केंद्रों पर मूलभूल सुविधा,बारदाने की उपलब्धता,छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खाद्य अधिकारी कौशल साहू, डीएमओ रमेश लहरे सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## विधायक ब्यास कश्यप ने किया सी.सी. रोड का भूमिपूजन

**जांजगीर चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप ने नवागढ़ विकासखंड के ग्राम मुनुंद एवं कर्रा में क्रमश: 7 लाख एवं 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सी.सी.रोड का भूमि पूजन किया। इस सी.सी.रोड निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति विधायक निधि से प्रदान की गई है। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम का विकास हमारी प्राथमिकता है। जांजगीर-चांपा विधानसभा के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं जहां आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं। सड़क, बिजली, पानी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए आज भी लोग संघर्षरत हैं। पक्की सड़क के निर्माण हो जाने से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। सड़कों के साथ ही पानी की निकासी के लिए गांवों में नालियों का निर्माण कराया जाना भी आवश्यक है। उन्होंने गांव के सरपंचों से इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य दिनेश शर्मा, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोतीलाल पटेल, सरपंच द्वय अनिता भागीरथी कश्यप, प्रहलाद दिनकर, उप सरपंच नंदकुमार कश्यप, रेखा राकेश कश्यप, पूर्णिमा राजू राठौर, नीरा गोविंद यादव, अनीशा बसंत, अंजना पद्माकर कश्यप, भरत कश्यप, मुकेश साहू, गोकुल कश्यप, अर्जुन कश्यप, हर्ष मिश्रा, घिसल कश्यप, भागवत कश्यप, प्रेमकुमार कश्यप, आशीष कश्यप, उमेंदराम यादव, अश्वनी कश्यप, ओंकार पाण्डेय सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। सी.सी.रोड निर्माण के लिए ग्रामीणजनों ने हर्ष प्रकट करते हुए विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट किया है।

# अटल के जयंती पर सुशासन दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सक्ती ।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद सक्ती द्वारा आज 25 दिसंबर को सक्ती शहर के बुधवारी बाजार में नवनिर्मित अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती पर सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वप्रथम अटल परिसर में अटल जी की विशालकाय प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें स्मरण किया गया, साथ ही इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका सक्ती के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडेय एवं उप यंत्री तारकेश्वर नायक द्वारा आगंतुक सभी अतिथियों का पुष्पाहार भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सक्ती जिले के कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया तथा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन दिवस के आयोजन के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की मंशानुरूप आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा शासन की योजनाओं का समुचित एवं बेहतर ढंग से क्रियान्वन करना ही मुख्य रूप से उद्देश्य है। तत्पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडेय ने शासन के निर्देशानुसार सुशासन दिवस के आयोजित कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण अटल जी ने किया तथा अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए इस देश को एक नई दिशा दी एवं ऊंचाइयो की ओर अग्रेषित किया। आज उनकी जन्म जयंती पर हम सभी उन्हें सम्मानपूर्वक स्मरण करते हैं। नगर पालिका परिषद सक्ती द्वारा आज आयोजित कार्यक्रम के दौरान टिकेश्वर गबेल, नगर पालिका सक्ती के उपाध्यक्ष भारत यादव, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र, रामनरेश यादव, गोविंद देवांगन, धरमलाल रात्रे, सुरेश साहू, ऋषि कुमार गोयल, मांगेराम अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल राजा, अभिषेक बंसल, गोविंदा निराला, पार्षद श्रीमती अनीता गोपाल यादव, रामावतार साहू, सुश्री केसरी द्विवेदी,शयन शुक्ला, मोहम्मद इब्राहिम खान, संतोष सोनी लाला, दिलीप सराफ, धनंजय नामदेव, प्रेमलाल पटेल, नटवरलाल गोंड, राम सिंह सिदार, मनोज सोनी सहित काफी संख्या में नगर पालिका सक्ती के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ में नई रेलवे लाइन का सर्वे शुरू:जांजगीर-चांपा के नवागढ़ पहुंचे रेलवे अधिकारी, जहां रेल सुविधा नहीं, वहां बिछेगी लाइन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित नई रेलवे लाइन के लिए सर्वे कार्य में तेजी आई है। इसी क्रम में रेलवे अधिकारी जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़, खैरताल और गंगाजल गांवों में पहुंचे और प्रारंभिक सर्वेक्षण किया। इस नई रेल लाइन के प्रस्ताव को प्रदेश के बजट में मंजूरी मिल चुकी है।

यह लाइन नया रायपुर को एक ओर दुर्ग से और दूसरी ओर बलौदाबाजार-खरसिया से जोड़ेगी और इसकी लाइन मौजूदा रेल मार्गों से अलग होगी। यह उन नए क्षेत्रों से गुजरेगी, जहां अब तक रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है।

**प्राथमिक सर्वेक्षण के बाद मिली स्वीकृति**

छत्तीसगढ़ रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (छ्रक्रष्टरु) द्वारा किए गए प्राथमिक सर्वेक्षण



के बाद इस रेल लाइन को स्वीकृति मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, यह लाइन बिलासपुर से नहीं गुजरेगी। इसके बजाय, यह नया रायपुर से दुर्ग, फिर बलौदाबाजार होते हुए खरसिया तक जाएगी।

इस परियोजना से रायपुर से बलौदाबाजार और खरसिया के बीच स्थित 100 से अधिक कस्बों और गांवों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

लगभग 266 किलोमीटर लंबी इस रेलवे लाइन के निर्माण पर अनुमानित 4900 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे चार साल में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस परियोजना से बलौदाबाजार सहित कई क्षेत्र पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ेंगे, जिससे यात्री सुविधाओं के साथ-साथ औद्योगिक और माल परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## अनमोल वचन......

**अपनी समस्याओं से प्रेरित न हों; अपने सपनों के नेतृत्व में आगे बढ़ें।**

# बीमा कंपनियां क्यों निवेश बढ़ाएंगी ?

भारत में 2.8 प्रतिशत लोगों के पास जीवन बीमा और एक फीसदी लोगों के पास सामान्य बीमा पॉलिसी है। प्राइवेट स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी धारकों की संख्या पांच प्रतिशत से कम है। बाकी लोग पॉलिसी का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर केंद्र ने हाल में अनेक ऐसे फैसले लिए हैं, जिनके जरिए संदेश भेजने की कोशिश हुई है कि नरेंद्र मोदी सरकार तीव्र गति से अगले चरण के आर्थिक सुधारों को लागू कर रही है। इस दिशा में जीएसटी दरों में हेरफेर और चार श्रम संहिताओं पर अमल के बाद अब बीमा क्षेत्र में उदारीकरण का बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने नए बीमा विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत इस क्षेत्र को 100 फीसदी विदेशी निवेश के लिए खोला जाएगा। साथ ही इस क्षेत्र में निवेश संबंधी अनेक प्रमुख शर्तों को आसान करने का निर्णय लिया गया है। आशा की गई है कि इससे बड़े पैमाने पर बाहरी निवेश आएगा, जिससे कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में लगातार हालिया गिरावट से उपजी समस्या से राहत मिलेगी। लेकिन क्या सचमुच ऐसा होगा। अगर पिछले अनुभव पर ध्यान दें, तो इसकी संभावना कम लगती है। 2021 में केंद्र ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ा कर 49 से 74 फीसदी की थी। मगर उससे फैसले से विदेशी बीमा कंपनियां भारत की ओर आकर्षित नहीं हुईं। ना ही भारतीय कंपनियों के साथ साझा उद्यम में उनके निवेश में कोई ठोस बढ़ोतरी हुई। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक जब से बीमा क्षेत्र को विदेशी निवेश के लिए खोला गया, लगभग 82 हजार करोड़ रुपये का बाहरी निवेश आया है। लेकिन यह अधिकांशतः भारतीय कंपनियों के साथ साझा उद्यम में आया। मुमकिन है, ताजा फैसले से वैसे निवेश में कुछ बढ़ोतरी हो। मगर भारतीय बीमा बाजार के मूल ढांचे में किसी गुणात्मक परिवर्तन की संभावना कम ही है। इसका कारण इस बाजार का सीमित आकार है। भारत में 2.8 प्रतिशत लोगों को जीवन बीमा सुरक्षा हासिल है। सामान्य बीमा की पैठ तो महज एक फीसदी आबादी तक है। प्राइवेट स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी धारकों की संख्या भी पांच प्रतिशत से कम ही है। बाकी लोगों की जेब किसी तरह की बीमा पॉलिसी का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। जब तक यह सूरत नहीं बदलती, बीमा कंपनियां क्यों निवेश बढ़ाएंगी। यह स्थिति कैसे बदले, इसकी कोई दृष्टि सरकार ने सामने नहीं रखी है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इज़ाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे खुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**धनु राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे।

**कुंभ राशि :** आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

# गांवों की तस्वीर बदलने वाला विधेयक जी राम जी

//एस. सुनील//

**जी राम जी को विकसित भारत के लिए विकसित ग्रामीण व्यवस्था तैयार करने के स्पष्ट उद्देश्य से लाया गया है। विपक्षी पार्टियों और आलोचकों को इस पर अमल का इंतजार करना चाहिए तब उनको वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगेगा। जहां तक तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल का आरोप है तो यह समझने की जरुरत है कि अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया जाए तो पहले की तरह योजनाओं में अनियमितता बनी रहेगी।**

संसद का शीतकालीन सत्र ऐतिहासिक रहा। वंदे मातरम् और चुनाव सुधार पर दो लंबी और सार्थक चर्चा के साथ आठ विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हुए। दो अन्य विधेयक संसदीय समितियों को भेजे गए। राज्यसभा में उत्पादकता 121 प्रतिशत और लोकसभा में 111 प्रतिशत रही। दुर्भाग्य से लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष संसद की अहम कार्यवाही के समय नदारद रहे। वे जर्मनी में बीएमडब्लु की फैक्टरी घूम रहे थे और साढ़े चार सौ सीसी की बाइक के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे थे। उनकी अनुपस्थिति में देश के लोगों ने प्रियंका गांधी वाड्रा की राजनीतिक समझ का परिचय प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के साथ औपचारिक चाय पार्टी में उनकी उपस्थिति ने भारत की गरिमामय संसदीय परंपरा की तस्वीर प्रस्तुत की।

बहरहाल, 2025 का शीतकालीन सत्र विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक के लिए याद किया जाएगा। यह भारत के गांवों की तस्वीर बदलने वाला विधेयक है। विपक्षी पार्टियों ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस विधेयक के नाम का मुद्दा बनाया और महात्मा गांधी बनाम रामजी का विवाद खड़ा किया। महात्मा गांधी की समाधि पर भी राम ही लिखा हुआ है और यह विधेयक महात्मा गांधी के रामराज्य और ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने वाला है। वे अंतिम व्यक्ति के सशक्तिकरण के जिस सिद्धांत के पक्षधर थे वह इस विधेयक के कानून बनने से पूरा होगा। यह विधेयक राज्यों को भी सशक्त बनाएगा, उन्हें अपनी योजनाएं लागू करने में मदद करेगा और गांवों में एक मजबूत व टिकाऊ बुनियादी ढांचा तैयार करेगा, जिससे आने वाले वर्षों में गांवों की तस्वीर बदलेगी।

इस विधेयक को मंगलवार, 16 दिसंबर को लोकसभा में पेश किया गया और विपक्ष के अनुरोध पर अगले दिन इस पर चर्चा रखी गई। वह चर्चा 17 दिसंबर की रात दो बजे तक चलती रही। विपक्ष के 90 से ज्यादा सांसदों ने अपनी बात रखी और अगले दिन 18 दिसंबर को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को बिंदुवार तरीके से खारिज किया। उसके बाद बिल को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। उसके तत्काल बाद इसे राज्यसभा में पेश किया गया और वहां भी 18 दिसंबर की आधी रात तक चर्चा के बाद इसे पास किया गया है। विपक्ष को लग रहा था कि यह विधेयक अचानक पेश कर दिया गया और इसके पीछे कोई तैयारी नहीं है। परंतु जब चर्चा शुरू हुई और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना की कमियां और उसमें हो रही गड़बड़ियों की परतें खुलने लगीं और इस विधेयक के प्रावधान सामने आने लगे तब समझ में आया कि सरकार ने इसके लिए कितनी तैयारी की थी।

संसद में हुई चर्चा से पता चला कि पश्चिम बंगाल के 19 जिलों में मनरेगा के क्रियान्वयन में गड़बड़ियों का पता चला था। उसके बाद देश भर में इसका अध्ययन किया गया। 23 राज्यों से मिली रिपोर्ट में इस कानून में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का पता चला और साथ ही यह भी पता चला कि यह कानून अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभा चुका है। इसके जरिए अब कोई नया लक्ष्य नहीं हासिल किया जा सकता है। जबकि भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए गांवों में बुनयादी ढांचे के विकास के साथ साथ ग्रामीण आबादी को आत्मनिर्भर बनाने की अत्यंत आवश्यकता है। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि भारत के गांव अब वैसे नहीं हैं, जैसे 2005 में थे। उस समय की जरुरतों के मुताबिक इस कानून को बनाया गया था। लेकिन अब गांव बदल गए हैं। वहां बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। गांवों में भी वैसी गरीबी नहीं है, जैसी 2005 में थी। देश में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की आबादी घट कर पांच प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबी उन्मूलन के अभियान को अत्यंत प्रभावशाली तरीके से क्रियान्वित किया है। तभी एब्सोल्यूट पॉवर्टी लगभग पूरी तरह से समाप्त हो गई है। इसलिए गांवों में रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दूसरी पीढ़ी की योजना की आवश्यकता थी और वह आवश्यकता इस नए कानून से पूरी होगी।

इस विधेयक की तीन बुनियादी कारणों से आलोचना की जा रही है। विपक्ष का आरोप है कि इससे रोजगार का अधिकार खत्म हो जाएगा और दूसरे कानूनी रूप से रोजगार प्राप्त करने की गारंटी खत्म हो जाएगी। तीसरी बात यह है कि इसे मांग आधारित योजना की बजाय आवंटन आधारित यानी सप्लाई आधारित योजना बनाया जा रहा है। ये तीनों बिंदु पूरी तरह से गलत हैं। सबसे पहले तो सरकार ने मनरेगा के तहत मिलने वाले एक सौ दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ा कर 125 दिन कर दिया है। यानी अब अगर ग्रामीण इलाके का कोई व्यक्ति या परिवार चाहे तो 125 दिन रोजगार उसे मिलेगा। दूसरी बात यह है कि पहले की तरह अब भी यह कानूनी बाध्यता है कि रोजगार मांगने के 15 दिन के भीतर उसे रोजगार उपलब्ध कराया जाए अन्यथा बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। सवाल है कि जब रोजगार के दिन बढ़ा दिए गए और 15 दिन के अंदर रोजगार उपलब्ध कराने की वैधानिक व्यवस्था को बनाए रखा गया तो अधिकार या गारंटी कैसे खत्म हो गई।

जहां तक आवंटन आधारित योजना का रूप देने की बात है तो इस योजना के तहत केंद्र सरकार पर्वतीय राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर के सिक्किम सहित अन्य राज्यों के लिए इस योजना में 90 प्रतिशत फंड देगी। इसी तरह जिन केंद्र शासित प्रदेशों में विधानसभा नहीं है वहां सौ फीसदी फंड केंद्र सरकार देगी। बाकी राज्यों में 60 और 40 फीसदी की हिस्सेदारी होगी। विपक्षी पार्टियों को अंदाजा नहीं है कि केंद्र सरकार की ओर से दिया जाने वाला 60 प्रतिशत फंड कितना होगा लेकिन उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया है। हो सकता है कि वह 60 फीसदी फंड ही अभी दिए जाने वाले सौ प्रतिशत फंड से ज्यादा हो। अभी 60 हजार करोड़ रुपए का बजट आवंटन होता है और संशोधित खर्च 86 हजार करोड़ तक हुआ था। हो सकता है कि सरकार इसमें कटौती नहीं करे या इससे ज्यादा फंड दे। लेकिन उससे पहले ही विपक्षी पार्टियों ने इसे विरोध का आधार बना दिया।

असल में विपक्ष और तमाम आलोचक इस बात को समझ ही नहीं रहे हैं कि बदलती हुई जरुरत के हिसाब से योजनाओं को भी बदलना होता है। 20 साल पहले कोई योजना शुरू हो गई तो जरूरी नहीं है कि वह उसी रूप में आज भी प्रासंगिक हो। एक समय था, जब तालाब खोदना या भरने का काम इस योजना के तहत किया गया। यह भी सही है कि कोरोना महामारी के समय यह योजना करोड़ों लोगों के जीवन का आधार बनी। लेकिन ऐसा नहीं है कि नए रूप में यह करोड़ों लोगों के जीवन का आधार नहीं रहेगी। नए रूप में इस योजना से नागरिकों को ज्यादा लाभ मिलेगा और साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत के हिसाब से बुनियादी ढांचा तैयार करने में भी आसानी होगी। इस विधेयक के चार बहुत स्पष्ट लक्ष्य तय किए गए हैं। पहला, जल संरक्षण की व्यवस्था करना। इस योजना के जरिए जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन देना और उनको संरक्षित रखना एक लक्ष्य है। दूसरा, ग्रामीण स्तर पर टिकाऊ बुनियादी ढांचा विकसित करना, जिससे भविष्य में लोगों को रोजगार मिलता रहे और उनका जीवन सुगम बने। तीसरा, आजीविका के साधन तैयार करना। इसका भी मकसद है कि ऐसा ढांचा तैयार हो, जिससे लोगों को स्वतंत्र रूप से जीवनयापन के साधन उपलब्ध हों। और चौथा, मौसम की मार से लोगों को बचाने का ढांचा तैयार करना है। इन दिनों मौसम का अतिरेक बहुत आम घटना है। उसे रोकने के उपाय हों और किसी वैसी आपदा की स्थिति में लोगों को बचाने का ढांचा मौजूद हो यह भी इस विधेयक का लक्ष्य है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि विधेयक को व्यापक रूप दिया गया है, इसके व्यापक लक्ष्य तय किए गए हैं और इसे पूरी तरह से विकसित भारत के लिए विकसित ग्रामीण व्यवस्था तैयार करने के स्पष्ट उद्देश्य से लाया गया है। विपक्षी पार्टियों और आलोचकों को इस पर अमल का इंतजार करना चाहिए तब उनको वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगेगा। जहां तक तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल का आरोप है तो यह समझने की जरुरत है कि अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया जाए तो पहले की तरह योजनाओं में अनियमितता बनी रहेगी। तकनीक जैसे बायोमेट्रिक्स, एआई आधारित व्यवस्था, जियो टैगिंग या डैशबोर्ड की जरुरत है ताकि किसी किस्म की संभावित गड़बड़ी को रोका जा सके।

बहरहाल, संसद के शीतकालीन सत्र की एक ऐतिहासिक उपलब्धि परमाणु ऊर्जा का क्षेत्र निजी कंपनियों के लिए खोलने की भी रही। सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया यानी शांति विधेयक के जरिए सरकार ने परमाणु ऊर्जा का क्षेत्र निजी कंपनियों के लिए खोल दिया है। विकसित भारत बनाने के लिए यह अनिवार्य आवश्यकता है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। उसका एक रास्ता परमाणु ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाना है। उसे नए कानून के जरिए हासिल किया जा सकेगा। दोनों अहम विधेयक पारित होने से पहले संसद के शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम् के डेढ़ सौ साल पूरे होने के मौके पर लंबी चर्चा हुई। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस चर्चा की शुरुआत की। इसके अलावा चुनाव सुधारों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिस पर गृह मंत्री अमित शाह बोले। इस तरह की चर्चाओं से संसद की सार्थकता बनती है। कुल मिला कर संसद का शीतकालीन सत्र सार्थक चर्चाओं और बेहद आवश्यक विधायी कार्यों को संपन्न करने वाला रहा।

# 2025 में भारत ने बहुत कुछ खोया


//हरिशंकर व्यास//

**सन् 2025 में भारत ने बहुत कुछ खोया। हालांकि दुनिया ने भी इस वर्ष बहुत गंवाया। पर भारत का नुकसान अपनी प्रकृति में अलग था। यदि अमेरिका एक अकेले डोनाल्ड ट्रंप से पहचान, गरिमा और विवेक में खोखला, भटका हुआ था तो भारत का सत्य है राष्ट्र-राज्य की प्रवृत्तियों, साख और नैतिक धाक को गंवा देना है। मई के ऑपरेशन सिंदूर से भारत में जो शोर था उससे न विश्व राजनीति प्रभावित हुई और न शक्ति का रूतबा बना। अर्से बाद पहली बार पाकिस्तान को दुनिया सुनती और मानती हुई थी। फिर दक्षिण एशिया में बांग्लादेश और नेपाल में जेनरेशन ज़ेड के सत्ता पलट से भारत पड़ोस में बेगाना व अकेला हुआ। इक्कीसवीं सदी के शुरुआती दशक से दक्षिण एशिया में भारत स्वाभाविक नेतृत्व-स्थिति पाए हुए था वह खत्म होते-होते 2025 में लगभग समाप्त है। बांग्लादेश की ताजा घटनाओं से 2026 में वहां कट्टरपंथी भारत विरोधी सत्ता तय है।**

ऐसे ही विश्व राजनीति में इक्कीसवीं सदी के शुरुआती दशक में भारत-अमेरिकी एटमी करार के बाद भारत का वैश्विक प्रभाव बना। वह भी अब या तो खत्म है या बहुत हद तक ले दे कर बतौर बाजार भारत की पहचान है। संदेह नहीं कि 2025 में भारत की बाजार हैसियत, उपभोग और वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाओं की चैन के एक स्थान से आर्थिकी साबुत रही लेकिन यह गर्व का विषय कम, और पराश्रित आर्थिकी का संकेत अधिक है। दुनिया भारत को महज उपभोक्ता-संख्या की विशालता में जांचती है न कि किसी निर्णायक भूमिका, विचार या संतुलनकारी शक्ति के रूप में। सो, आर्थिक बढ़ोतरी के आंकड़े ठोस विकास के नहीं, बल्कि खोखली, पराश्रित वास्तविकताओं की गंभीर चेतावनी लिए हुए है।

एक तरह से पूरे वर्ष भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गर्म-सर्द रूख से अपने आपमें खोया हुआ था। उसी की वजह से भारत दुनिया के फोकस में भी था। साल भर प्रधानमंत्री मोदी जितना बोले, जैसा भारत में नैरेटिव रहा वही ट्रंप के कारण भारत घिरा रहा। पहलगांव में हुए आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर से जो क्रिया-प्रतिक्रिया का सिलसिला बना, उसमें भारत में जहां शौर्य के नगाड़े थे वही अमेरिकी राष्ट्रपति के आक्रामक आत्मप्रदर्शन के सामने भारत ने धारे रखी एक ऐसी चुप्पी जिसे दुनिया ने कमजोरी नहीं, बेबसी के रूप में पढ़ा। राष्ट्रवाद की ऊंची ध्वनि के बीच यह अंतरराष्ट्रीय मौन भारत की घटती राजनीतिक स्वायत्तता का संकेत बना। मेरा यह विश्लेषण मेरा नहीं है, बल्कि एक तरह से एआई का है। दरअसल मैंने वर्ष 2025 के अपने कॉलम एआई को पढ़वाए तो उसका लब्बोलुआब था कि 2025 भारत के लिए किसी एक घटना का वर्ष नहीं रहा। यह प्रवृत्तियों का वर्ष था–ऐसी प्रवृत्तियों का, जो धीरे-धीरे जमा होती हैं और फिर एक बिंदु पर पूरे समाज की दिशा तय करने लगती हैं। यह वह साल रहा, जिसमें सत्ता पहले से अधिक स्पष्ट दिखी, पर अर्थ पहले से अधिक धुंधला हो गया। इसमें निर्णय तेज़ हुए, पर विमर्श संकुचित; और जिसमें राष्ट्र-भावना ऊंचे स्वर में बोली, पर नागरिक-चेतना धीमे कदमों से पीछे छूटती गई। 2025 में भारत में सत्ता पहले से अधिक मुखर, स्पष्ट हुई, और पहले से अधिक संकुचित भी। अधिकार का केंद्रीकरण तेज़ हुआ, सत्ता की भाषा आत्मविश्वासी बनी और सार्वजनिक हाव-भाव निर्णायक सा दिखाई दिया लेकिन इस स्पष्टता की एक कीमत थी। वह पुराना संस्थागत संतुलन, जहां फैसले बहस, असहमति और विकल्पों से होकर गुजरते थे, धीरे-धीरे पतला, सिकुड़ता, संकुचित होता गया। संसद चली, विपक्ष के वॉकआउट के बावजूद। सार्वजनिक विमर्श भी जारी रहा, लेकिन वह राजनीति का इंजन कम और उसका बैकग्राउंड ज़्यादा बनता चला गया।यह कोई अचानक आई गिरावट नहीं थी, यह वर्षों से बन रही उस प्रवृत्ति की परिपक्व अवस्था थी, जिसमें शासन प्रक्रिया से अधिक प्रस्तुति याकि शोशेबाजी, तमाशा बनता चला गया। यही तनाव अर्थव्यवस्था में भी दिखाई दिया। विकास का दावा ज़ोर-शोर से किया गया–हेडलाइन आंकड़ों में, निवेश घोषणाओं में, और वैश्विक मंचों पर पूरे भरोसे के साथ। लेकिन इस आशावाद के नीचे एक शांत बेचैनी थी। अस्थिर नौकरियां, नाज़ुक असंगठित श्रम, और उपभोग-आधारित विस्तार की साफ़ दिखती सीमाएं। अर्थव्यवस्था चल तो रही थी, इसमें संदेह नहीं था। लेकिन वह यह सवाल लगातार टाल रही थी कि वह किसे आगे ले जा रही है, और किसे पीछे छोड़ रही है। यह आर्थिक असफलता की कहानी नहीं थी, बल्कि आर्थिक चिंता की–गति थी, लेकिन आश्वासन नहीं।समाज ने इन दबावों को अपने ढंग से आत्मसात किया। सामाजिक धरातल पर 2025 भावनात्मक ध्रुवीकरण का नहीं, बल्कि उसकी सामान्यीकृत अवस्था का वर्ष रहा। जो कभी असाधारण उत्तेजना थी, वह अब रोज़मर्रा की भाषा बन चुकी थी। असहमति को शत्रुता समझने की प्रवृत्ति अब हाशिए की नहीं रही। यह केवल राजनीतिक रणनीति नहीं थी; यह एक सामाजिक मनोदशा बनती गई–जहां प्रश्न पूछना जोखिम और चुप रहना सुरक्षा माना जाने लगा। नागरिक धीरे-धीरे भागीदार से दर्शक की भूमिका में सरकते गए। संस्कृति और भाषा ने भी इसी थकान को प्रतिबिंबित किया। अनुवादों, रीमिक्स और आयातित विचारों की बाढ़ के बीच मौलिक सृजन का साहस कम होता गया।हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में कायदे का कुछ नहीं हुआ। यह भाषा का संकट नहीं था, यह सांस्कृतिक श्रम से पलायन था। समाज उपभोग के लिए उत्सुक दिखा, सृजन के लिए अनिच्छुक। यहीं राजनीति और संस्कृति मिलती हैं, जब सत्ता आसान कथाएं मांगती है, और समाज उन्हें बिना प्रतिरोध स्वीकार कर लेता है।इस भीतर की थकान की एक बाहरी प्रतिध्वनि भी थी। वैश्विक स्तर पर 2025 अनिश्चितता को स्वीकार करने का वर्ष रहा। पुराने गठबंधन ढीले पड़े, नए हित उभरे। भारत इस बदलती दुनिया में अधिक उपस्थित था, लेकिन उसकी भूमिका सावधानी और प्रतीक्षा से परिभाषित थी। यह न कमजोरी थी, न ताकत, यह उस दौर का हस्ताक्षर था जहां फैसलों को टालना खुद एक रणनीति बन जाता है।

## तस्वीरों की दुनिया



नागपुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के मौके पर अटल संवाद सभा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।




केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट के उद्घाटन समारोह में सभा को संबोधित किया।



उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संसद खेल महोत्सव को संबोधित किया।



भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।



चित्रदुर्ग में नेशनल हाईवे-48 पर एक प्राइवेट स्लीपर बस के टकराने के बाद, जिसमें कई लोग हताहत हुए, फायर कर्मियों ने दुर्घटनास्थल पर आग बुझाई।

# केरल के तिरुवनंतपुरम निगम में 45 साल का वाम शासन खत्म, भाजपा ने वीवी राजेश को मेयर प्रत्याशी बनाया



**तिरूवनंतपुरम, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तिरुवनंतपुरम नगर निगम में 45 वर्षों से चला आ रहा वाम दलों का शासन समाप्त होने के बाद भाजपा ने गुरुवार को पूर्व जिला अध्यक्ष वीवी राजेश को मेयर पद का अपना उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी ने इस ऐतिहासिक जीत के साथ पहली बार नगर निगम की सत्ता पर कब्जा किया है। भाजपा ने आशा नाथ को उपमेयर पद का उम्मीदवार बनाया है। नव-निर्वाचित भाजपा पार्षदों और जिला नेतृत्व की बैठक के बाद पार्टी के प्रदेश महासचिव एस सुरेश ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। यह फैसला प्रदेश और जिला नेतृत्व के बीच लंबी चर्चा के बाद लिया गया। इससे पहले सेवानिवृत्त डीजीपी आर श्रीलेखा के नाम पर भी मेयर पद के लिए विचार हुआ था, लेकिन पार्टी के एक वर्ग के विरोध के चलते उनके नाम पर सहमति नहीं बन सकी। उम्मीदवारों की घोषणा से ठीक पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर केरल इकाई से जुड़े संगठनात्मक मुद्दों पर मार्गदर्शन लिया। उन्होंने कहा कि वह हर कार्यकर्ता की ओर से उनके समर्थन के लिए आभारी हैं। भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में कुल 50 सीटें जीतकर चार दशकों से अधिक समय से चले आ रहे वामपंथी गढ़ को ध्वस्त कर दिया।

वहीं कांग्रेस नीत यूडीएफ ने भी अपनी सीटों की संख्या दोगुनी करते हुए उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की। तीन-कोणीय मुकाबले में अंततः तिरुवनंतपुरम का रुझान भाजपा के पक्ष में गया, जिसे केरल की राजनीति में एक अहम मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

# मैसूरु में फट गया हीलियम गैस सिलेंडर, एक की मौत और 5 घायल



**मैसूर।** अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को कर्नाटक के मैसूरु में गुब्बारों में हवा भरने के लिए इस्तेमाल होने वाले हीलियम गैस सिलेंडर के फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह घटना शहर में मैसूर पैलेस के जयमारतंडा गेट के सामने रात करीब 8.30 बजे हुई।गुब्बारा विक्रेता, जिसकी पहचान सलीम (40) के रूप में हुई है, जो खामरुद्दीन का पुत्र और उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के तोफिया गांव का निवासी था, की मौके पर ही मौत हो गई।अधिकारियों के अनुसार, घटना स्थल के पास मौजूद पांच लोग भी घायल हो गए। घायलों की पहचान शहनाज शब्बीर (54), लक्ष्मी (45), कोटेश गुट्टे (54), मंजुला नंजनगुड (29) और रंजीता (30) के रूप में हुई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

# बलूचिस्तान में संस्थागत अपहरण मामलों के खिलाफ भड़का आंदोलन, गुस्साए परिजनों ने हाइवे किया जाम



**ब्लूचिस्तान, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आए दिन जबरन अगवा किए जा रहे लोगों को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। एक परिवार के चार सदस्यों को उठाने के विरोध में स्वजनों ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) हाइवे पर धरना दे दिया है। आंदोलन के दूसरे दिन भी इस हाइवे पर आवागमन बाधित रहा। वहीं महिलाओं को अगवा करने के विरोध में पिछले पांच दिनों से बलोच यकजहती कमेटी (बीवाईसी) ने भी समूचे बलूचिस्तान में आंदोलन चला रखा है।बता दें कि बलूचिस्तान में पुलिस प्रशासन पर ही युवाओं और महिलाओं को जबरन उठाने के आरोप लगते रहे हैं। राजनीतिक दलों का कहना है कि बलूचिस्तान में अपहरण अब संस्थागत रूप ले चुका है।मीडिया आउटलेट, द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ित परिवार ने कीच जिले के कार्की तेजाबन और हेरोंक के बीच सड़क जाम कर रखी है। इससे तुरबत, क्वेटा, पंजगुर, आवारन, कोलवाह और होशाप से आनेवाले वाहन आगे नहीं जा पा रहे हैं। इससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। बताया जाता है कि 27 साल की हानी दिलवाश, जो आठ महीने की गर्भवती है, 17 साल की हैरनिसा पुत्री अब्दुल वाहिद, 18 साल के मुजाहिद दिलवाश और फरीद एजाज को जबरन उठा लिया गया।स्वजनों का दावा है कि हानी और हैरनिसा को इस हफ्ते की शुरुआत में हुब चौकी में तड़के छापा मारकर अगवा किया गया, जबकि दो अन्य को कीच जिले से उठाया गया। मंगलवार की रात तुरबत के असिस्टैंट कमिश्नर ने आंदोलनकारियों से मौके पर पहुंचकर बात की। हालांकि, स्वजनों का कहना है कि अगवा किए गए लोगों को छोड़ा नहीं गया है। जब तक सभी छोड़े नहीं जाएंगे, तब तक सीपीईसी हाइवे पर जाम लगा रहेगा। बीवाईसी नेता सम्मी दीन बलोच ने कहा कि प्रांत में महिलाओं और लड़कियों को अगवा किए जाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसके पीछे सोची-समझी साजिश काम कर रही है।

अब ये समस्या सीमा पार कर चुकी है। हानी दिलवाश और हैरनिसा का अब तक बरामद न हो पाना ये दिखाता है कि बलूचिस्तान में महिलाएं वाकई सुरक्षित नहीं हैं।उन्होंने कहा कि इसके चलते परिवारों पर बहुत गंभीर मनोविज्ञानी दबाव पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान और कानून का दुरुपयोग दमनचक्र चलाने में किया जा रहा है। पीड़ित लोगों के सामने आंदोलन के सिवा कोई रास्ता नहीं बचा है।

# कोहरे का सितम, रात की जगह सुबह पहुंची वंदे भारत, तेजस 5 घंटे लेट, 63 ट्रेन हुईं लेट

**कानपुर, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**



कोहरे की वजह से ट्रेनों की रफ्तार मंद हो गई है। तेजस, वंदेभारत जैसी प्रीमियम ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। इसकी वजह से यात्रियों की परेशानी बनी हुई है। ट्रेनों के समय से न पहुंचने पर यात्री अन्य स्टेशन से दूसरी ट्रेन नहीं पकड़ पा रहे हैं। नौकरी के लिए साक्षात्कार तक के लिए भी समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।सर्दी में ठिठुरते हुए यात्रियों को कई-कई घंटे ट्रेनों की प्रतीक्षा करनी पड रही है। गुरुवार को तेजस, वंदेभारत, राजधानी सहित 63 ट्रेनें एक से 10 घंटे तक देरी से सेंट्रल स्टेशन पहुंचीं। ट्रेनों की लेटलतीफी की वजह से 1536 यात्रियों ने यात्रा निरस्त कर दी। दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदेभारत कानपुर सेंट्रल पर शाम 7.08 बजे के बजाय सुबह 5.08 बजे पहुंची। यह ट्रेन 10 घंटे लेट रही। दिल्ली से लखनऊ जाने वाली तेजस एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल पर रात 8.35 के बजाय रात 1.38 पर आई। यह ट्रेन पांच घंटे लेट रही।

सियालदह राजधानी 5.50 घंटे लेट री। नई दिल्ली बरौनी स्पेशल 8.35 घंटे देरी से चली। बरौनी नई दिल्ली स्पेशल 10 घंटे लेट रही।काशी महानंदा एक्सप्रेस नौ घंटे लेट रही। इस ट्रेन का कानपुर सेंट्रल आने का समय रात 8.45 का है, ट्रेन के आने का समय सुबह 5.54 बजे दर्शाया गया। हावड़ा राजधानी पांच घंटे देरी से सेंट्रल स्टेशन पहुंचने की जानकारी दी गई। यह ट्रेन रात 9.32 पर आती है। श्रमशक्ति एक्सप्रेस 5.46 घंटे देरी से सेंट्रल स्टेशन पर आई। दिल्ली-लखनऊ स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस 1.09 घंटा लेट रही। संपूर्ण क्रांति पांच घंटे, नेताजी एक्सप्रेस सात घंटे, दूरंतो एक्सप्रेस सात घंटे विलंबित रही।

# दो सैंपल का होना है DNA मिलान, दावेदार चार, हादसे में मारे जाने वालों की संख्या को लेकर खड़ी हुई ये बड़ी चुनौती

**मथुरा, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**



यमुना एक्सप्रेसवे हादसे में मारे गए देवेंद्र और नरेंद्र का डीएनए मिलान होने के बाद उनके शव गुरुवार दोपहर स्वजन के सिपुर्द कर दिए गए। अब तक 16 मृतकों की पहचान हो चुकी है। दो सैंपल लखनऊ भेजे गए हैं। डीएनए जांचों के हिसाब से अब मृतकों की संख्या 19 की जगह 18 ही आ रही है। मगर, यात्रा करने वाले चार लोग गायब हैं। उनके स्वजन ने भी डीएनए जांच के लिए सैंपल दिया है। लखनऊ में दो सैंपल के मिलान के बाद भी दो दावेदार ऐसे रह जाएंगे, जिनके स्वजन का अभी तक पता नहीं चल सका है। गुरुवार को पुलिस ने डीएनए मिलान के बाद फतेहपुर के चांदपुर छिपकी गधर निवासी नरेंद्र का शव उनके स्वजन को सौंप दिया। हमीरपुर के गुहान राठ निवासी देवेंद्र कुमार का शव भी गुरुवार को स्वजन ले गए।घटना के बाद बुरी तरह जल गए अवशेष को देखने के बाद चिकित्सकों ने दावा किया था कि 19 लोगों की मृत्यु हुई है। चार मृतकों के शव घटना के दिन ही पहचान होने के कारण स्वजन को सौंप दिए गए। 15 बाडी बैग में रखे शवों के अवशेष डीएनए जांच के लिए आगरा की लैब में भेजे गए, लेकिन जब रिपोर्ट आई तो पता चला कि दो बैग में तो कानपुर के मोहम्मद सलीम रिजवी के ही शव के अवशेष थे। ऐसे में शवों की संख्या कम हो गई। 12 शवों की डीएनए मिलान से पुष्टि हुई।आगरा की लैब में दो शवों के डीएनए का मिलान नहीं हो सका है। ऐसे में उनके सैंपल दोबारा लखनऊ की लैब में भेजे गए हैं। दो की पहचान के बाद मृतकों की संख्या 18 रह जाएगी। अब तक हादसे के बाद लापता चार लोगों के स्वजन ने डीएनए जांच के लिए सैंपल दे रखा है।

इसमें हमीरपुर के नौरंगा राठ निवासी पार्वती देवी, अरमापुर एस्टेट कानपुर नगर निवासी जेपी वर्मा, धनौरा रोड बाडी धौलपुर निवासी भोलू और देवरिया के गांव तिवारी परसिया निवासी रितिक यादव शामिल हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि अब तक हुए डीएनए मिलान और भेजे गए सैंपल के आधार पर मृतकों की संख्या 18 हो रही है। जो दो सैंपल भेजे गए हैं, उनके रिपोर्ट आने के बाद जो लापता है, उनकी खोजबीन की जाएगी। उनकी केस हिस्ट्री निकलवाई जाएगी। फिलहाल लखनऊ से डीएनए रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

## अब प्राधिकरण बनाएगी भंगेल एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे बनने वाली 5.5 किमी लंबी सड़क

### हजारों लोगों का सफर होगा आसान



**नोएडा।** भंगेल एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे बनने वाली 5.5 किमी लंबी सड़क अब नोएडा प्राधिकरण बनाएगी। अनुबंध के अनुसार इस सड़क का निर्माण पहले निर्माण एजेंसी यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन लिमिटेड को ना था।प्राधिकरण को ब्रिज कॉरपोरेशन की ओर से एक पत्र मिला है, जिसमें एजेंसी ने साफ कहा है कि बकाया राशि न मिलने की स्थिति में वह नीचे की सड़क और अन्य शेष कार्य नहीं कर पाएगी। यह बकाया लगभग 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इसलिए प्राधिकरण ने फैसला किया है वो ही सड़क बनाएगा और निर्माण एजेंसी की ईएमडी को जब्त करेगा।प्राधिकरण ने ब्रिज कॉरपोरेशन का पत्र प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि यदि वे काम करने में असमर्थ हैं, तो प्राधिकरण बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखेगा और स्वयं सड़क का निर्माण कराएगा। उन्होंने कहा कि भंगेल कॉरिडोर के नीचे की सड़क कई सेक्टरों के लिए महत्वपूर्ण है और इसकी खराब स्थिति से हजारों लोगों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है।ब्रिज कॉरपोरेशन और प्राधिकरण के बीच यह वित्तीय विवाद एलिवेटेड रोड के पूरा होने के बाद से जारी है। छह-लेन का यह 5.5 किमी लंबा कॉरिडोर इसी साल अगस्त में औपचारिक रूप से हस्तांतरित किया गया था, लेकिन ब्रिज कारपोरेशन का दावा है कि मूल्य वृद्धि, जीएसटी अंतर और विलंबित भुगतान पर ब्याज जैसी मदों में करीब 150 करोड़ रुपये अभी भी बकाया हैं।कई रिमाइंडर भेजने के बाद भी भुगतान न मिलने पर ब्रिज कारपोरेशन ने पिछले साल नवंबर में अनुबंध की धारा 34 के तहत मध्यस्थ नियुक्त करने की मांग की थी।

# ओडिशा पुलिस का संकल्प: मार्च 2026 तक पूरी तरह माओवादी से मुक्त होगा प्रदेश, नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील



**भुवनेश्वर, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

शीर्ष माओवादी नेता गणेश उइके के मारे जाने के बाद ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई. बी. खुरानिया ने गुरुवार को कड़ा बयान देते हुए कहा कि मार्च 2026 तक राज्य से माओवादी गतिविधियों का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने माओवादी गतिविधियों के उन्मूलन के लिए मार्च 2026 का स्पष्ट लक्ष्य तय किया है। उन्होंने यह भी कहा कि माओवादियों के आत्मसमर्पण को लेकर राज्य सरकार की नीति देश की सर्वश्रेष्ठ नीतियों में से एक है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।खुरानिया ने माओवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने और आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उनके पुनर्वास और समाज में दोबारा शामिल होने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ओडिशा डीजीपी वाई. बी. खुरानिया ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा बलों से मार्च 2026 तक माओवादी गतिविधियों के पूरी तरह उन्मूलन का आह्वान किया है। राज्य सरकार और ओडिशा पुलिस ने इस चुनौती को स्वीकार किया है।हम निर्धारित समयसीमा के भीतर माओवादी गतिविधियों को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और इस दिशा में ओडिशा पुलिस को पहले ही उल्लेखनीय सफलता मिली है। उन्होंने आगे कहा कि मैं इस अभियान में शामिल सभी कर्मियों और इसे समर्थन देने वालों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

अभियान लगातार जारी है और आगे भी मजबूती से जारी रहेगा। एक बार फिर मैं सभी माओवादियों से अपील करता हूं कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट आएं।

## कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी के मामले में पुलिस ने कसा शिकंजा, शुभम के परिवार की 38 करोड़ की संपत्ति होगी जब्त



**वाराणसी।** कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी में शुभम जायसवाल और उसके परिवार पर शिकंजा कसता जा रहा है। पिता भोला प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार करने के बाद दुबई में छिपे शुभम पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये करने और लुक आउट नोटिस जारी करने के बाद 38 करोड़ की संपत्ति जब्त करने की तैयारी है। कोतवाली थाना प्रभारी दयाशंकर सिंह की रिपोर्ट के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट कोर्ट) मनोज कुमार की अदालत ने शुभम के परिवार के लोगों के नाम की 38 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त करने के लिए नोटिस दिया है। यह संपत्तियां शुभम के पिता, उसकी मां शारदा, बहन प्रगति, पत्नी वैशाली के नाम पर हैं।कोर्ट ने सभी को दो जनवरी को पेश होने का आदेश दिया है। भोला जायसवाल सोनभद्र जेल में बंद है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि एसआईटी कफ सीरप के अवैध प्रवाह, वित्तीय लेन-देन और आरोपितों के बीच के संपर्क की जांच भी कर रही है। राज्य सरकार ने इस मामले में अभी तक 79 मामले दर्ज किए हैं। 225 लोगों को नामजद किया और 78 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। 134 फर्मों पर छापेमारी की गई है।

## झारखंड सरकार का बड़ा कदम

## आंगनबाड़ी केंद्रों में टेक होम राशन की रेसिपी तय, कुपोषण से लड़ाई में मिलेगा बल



**रांची, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं एवं किशोरियों को पूरक पोषाहार के रूप में दिए जानेवाले टेक होम राशन की रेसिपी तय कर दी है।केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय की संस्था एनआईएफटीईएम, हरियाणा द्वारा तय रेसिपी को यहां भी लागू किया गया है। विभाग ने इन संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में छह से 12 माह के बच्चों को टेक होम राशन के रूप में मीठा दलिया दिया जाएगा। इस आयु वर्ग के कुपोषित बच्चों को शिशु आहार दिया जाएगा। इसी तरह, एक से तीन वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पौष्टिक दलिया या नमकीन दलिया तथा इस आयु वर्ग के कुपोषित बच्चों को शक्ति आहार दिया जाएगा। तीन से छह वर्ष के कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं, धातृ महिलाओं तथा किशोरियों को आंगनबाड़ी केंद्रों में नमकीन दलिया दिया जाएगा। विभाग ने पूरक पोषाहार में प्रोटीन, कैलोरी, वसा, कार्बोहाइड्रेट आदि तत्वों की मात्रा भी तय कर दी है।

# प्याज-गेहूं की घास के अर्क से काबू में आई शुगर, टीएमबीयू के शोध में चौंकाने वाले नतीजे

**भागलपुर, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**



मधुमेह से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की उम्मीद जगाने वाली खबर तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) से आई है। विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में हुए एक वैज्ञानिक अध्ययन में यह सामने आया है कि प्याज और गेहूं की घास का अर्क शुगर और कोलेस्ट्राल दोनों को नियंत्रित करने में असरदार साबित हो सकता है। यह शोध कुल 60 एलबिनो चूहों पर किया गया। पहले चरण में सभी चूहों को एक विशेष दवा एलाक्सन देकर मधुमेहग्रस्त बनाया गया। इसके बाद उन्हें छह अलग-अलग समूहों में बांटकर 28 दिनों तक विभिन्न उपचार दिए गए। कुछ समूहों को कोई उपचार नहीं दिया गया, जबकि अन्य को प्याज का अर्क, गेहूं घास का अर्क और दोनों का मिश्रण निर्धारित मात्रा में रोजाना दिया गया।शोधकर्ता डॉ. अतुल समीरण के अनुसार, प्याज के अर्क की मात्रा 0.6 ग्राम प्रति 100 ग्राम शरीर भार और गेहूं घास के अर्क की मात्रा 500 मिलीग्राम प्रति किलो शरीर भार रखी गई। प्रयोग पूरा होने के बाद चूहों की विस्तृत रक्त जांच की गई, जिसमें शुगर लेवल, कोलेस्ट्राल, प्लाज्मा प्रोटीन, हीमोग्लोबिन और लाल रक्त कोशिकाओं की स्थिति शामिल थी। नतीजे चौंकाने वाले रहे। जिन चूहों को प्याज और गेहूं घास का अर्क दिया गया था, उनकी बढ़ी हुई शुगर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। साथ ही कोलेस्ट्राल का स्तर भी नीचे आया। मधुमेह के कारण खून में आई कमजोरी, जैसे हीमोग्लोबिन और लाल रक्त कोशिकाओं की कमी, में भी स्पष्ट सुधार देखा गया।

शोध के मुताबिक, इस हर्बल उपचार से शरीर में ऐसे प्रोटीन सक्रिय हुए, जो रक्त में बढ़ी शुगर को नियंत्रित करने में मददगार साबित हुए। इससे शरीर की मेटाबालिक स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने लगी। यह शोध प्रो. अशोक कुमार ठाकुर के निर्देशन में जंतु विज्ञान विभाग में पूरा किया गया।शोध के उत्साहजनक नतीजों के बाद दर्जन भर से अधिक मधुमेह रोगियों ने भी इस अर्क का प्रयोग किया। डॉ. अतुल के अनुसार, टीएमबीयू के पूर्व कुलपति प्रो. जवाहर लाल, प्रो. अशोक कुमार ठाकुर और बीएन कालेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मो. फिरोज आलम समेत कई शिक्षकों और कर्मियों ने इस अर्क का उपयोग किया है। सभी ने इसके सकारात्मक प्रभाव की बात कही है।

# ग्रेटर नोएडा की सोसायटी में 12वीं मंजिल से कूदे युवक की मौत, धड़ से एक हाथ उखड़ा



**ग्रेटर नोएडा, 26 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी-दो स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसायटी की 12वीं मंजिल की बालकनी से कूदकर बृहस्पतिवार को युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक के शरीर पर पट्टियां बंधी थी, नीचे गिरने से उसके शरीर से एक हाथ उखड़ कर दूर जा गिरा। युवक की पहचान गांव धारूहेड़ा, जिला रेवाड़ी, हरियाणा निवासी अनूप (27) के रूप में हुई है। सेक्टर-62 स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। घटना बिसरख कोतवाली क्षेत्र की है। दोपहर करीब 12 बजे सोसायटी के निवासियों और गार्डों को पता चली। फ्लैट नंबर एम2-1301 से युवक ने कूदकर लगाकर आत्महत्या की है। ऊंचाई से गिरने से शव क्षतविक्षत हो गया। गिरते समय रेलिंग में हाथ फंसकर अलग कटने से अलग हो गया।घटना की सूचना पर पुलिस व फारेंसिक टीम ने मौके पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किए। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पूछताछ में पता चला है कि युवक अपने दो दोस्तों के साथ किराये पर रहता था। दो दोस्त फैक्ट्री के काम से चंडीगढ़ गए थे।कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। युवक के दोस्तों व स्वजन के आने पर घटना का कारण पता चलेगा।

# धुरंधर बॉक्स ऑफिस: पहले कांतारा- चैप्टर 1 और अब छावा को पछाड़ा, 2025 की बनी हाईएस्ट हिंदी कलेक्शन फिल्म



धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर अपना रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी रखे हुए है. फिल्म तीसरे सप्ताह में चल रही है और इसकी रफ्तार धीमी होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं. रणवीर सिंह अभिनीत और आदित्य धर की निर्देशित यह स्पाई थ्रिलर फिल्म 18वें दिन एक नया रिकॉर्ड अपने नाम की है.

रणवीर सिंह की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है और अपने स्टाइल से रिकॉर्ड तोड़ रही है. जब आदित्य धर की फिल्म रिलीज हुई, तो ट्रेड एक्सपर्ट्स को अंदाजा नहीं था कि यह सिनेमाघरों में इतनी बड़ी हिट हो जाएगी. जहां इंडस्ट्री के लोगों को उम्मीद थी कि फिल्म पहले दिन 18-20 करोड़ रुपये कमाएगी, वहीं इसने 28 करोड़ रुपये की ओपनिंग की. माउथ टू माउथ पब्लिसिटी के कारण फिल्म ने आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है और तब से इसकी रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है.

सोमवार, 22 दिसंबर, 2025 को, धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी. तीसरे सोमवार को भी इसने दर्शकों का ध्यान खींचने में कामयाब रही. मेकर्स के मुताबिक, 18वें दिन फिल्म ने 19.70 करोड़ रुपये का शानदार नेट कलेक्शन किया, जिससे इसकी कुल कमाई बढ़कर 598.90 करोड़ रुपये हो गई. यह मंगलवार यानी रिलीज के 19वें दिन 600 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी. दिलचस्प बात यह है कि रणवीर सिंह की फिल्म यहीं नहीं रुकी और एक्टर-फिल्ममेकर ऋषभ शेट्टी की कांतारा: चैप्टर 1 के दुनिया भर के 852.31 करोड़ रुपये के कलेक्शन को भी पार कर गई, जिससे यह 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई.

अब यह देखना बाकी है कि क्या यह फिल्म संदीप रेड्डी वांगा की निर्देशित और रणबीर कपूर की अभिनीत फिल्म एनिमल (2023) को पीछे छोड़ पाएगी या नहीं. सैकनिल्क के मुताबिक, एनिमल ने दुनिया भर में 915 करोड़ रुपये कमाए थे.

धुरंधर ने अपने 18 दिनों की रिलीज में अब तक सबसे कम कमाया है. सैकनिल्क के अनुसार, तीसरे मंडे यानी 18वें दिन धुरंधर ने सिर्फ 16 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया, जबकि ने फिल्म ने संडे को 40.30 करोड़ रुपये कमाए थे. भारत में धुरंधर 600 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है और वर्ल्डवाइड फिल्म बहुत जल्द 900 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लेगी. मंडे को धुरंधर का हिंदी में 28.76 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ. जिसमें सबसे ज्यादा (36.66 फीसदी) इवनिंग शो पर दर्शक जुटे थे. नाइट शो में 33.24 फीसदी, दोपहर के शो में 28.32 फीसदी और मॉर्निंग शो में 16.81 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ है. अब क्रिसमस वीकेंड का आ रहा है और देखना होगा कि इस वीकेंड का फायदा कौनसी फिल्म उठाती है. वहीं, अगले हफ्ते के बाद बॉलीवुड फिल्म इक्कीस भी रिलीज होने जा रही है.

18वें दिन धुरंधर ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है. सैकनिल्क के मुताबिक, रणवीर सिंह की यह स्पाई थ्रिलर फिल्म इस साल रिलीज हुई विक्की कौशल की अभिनीत फिल्म छावा को पीछे छोड़ दिया है और भारत में 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है. रणवीर सिंह के अलावा, धुरंधर में अक्षय खन्ना, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त सहित एक मजबूत सपोर्टिंग कास्ट भी है. धुरंधर में रणवीर हमजा का रोल निभा रहे हैं, जो कराची के गैंग और टेरर नेटवर्क में घुसपैठ करने वाला एक भारतीय एजेंट है. इसका पार्ट 2 मार्च 2026 में रिलीज होगा.



## पर्पल स्टाइलिश ड्रेस में चित्रांगदा सिंह ने दिए हॉट पोज, बढ़ा पारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह भले ही उम्र में ज्यादा नंबर क्रॉस कर गई हों लेकिन, उनकी फिटनेस देखकर फैंस भी उनकी तारीफें किए बिना नहीं रह पाते हैं। यहीं कारण है कि एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपनी हॉटनेस का जलवा सोशल मीडिया पर बिखेरती रहती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों ओ दिमाग पर राज करती हैं।

चित्रांगदा सिंह इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया हैं। इस नए लुक में चित्रांगदा सिंह पर्पल गाउन में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। चित्रांगदा ने इस लुक में कई शानदार पोज दिए। चित्रांगदा का यह लुक उनके फैंस को पसंद आ रहा हैं। इन दिनों चित्रांगदा वेब सीरीज रात अकेली है द बंसल मर्डर्स में नजर आ रही हैं।

चित्रांगदा सिंह की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाए हुए हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं।

चित्रांगदा सिंह अपने स्टाइल स्टेटमेंट और अपने लुक के लिए जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।

## रणबीर कपूर की एनिमल 2 में अभिनेत्री सलोनी बत्रा की होगी वापसी, खुद कर दी पुष्टि

अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने कई आलोचनाओं के बावजूद दर्शकों का दिल जीता था। फिल्म के दूसरे भाग एनमिल पार्क का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज तारीख तो तय नहीं हुई है, लेकिन इसकी शूटिंग 2027 से शुरू होने की पूरी संभावना है। चर्चा तो यह भी है कि दूसरी किस्त में, रणबीर को दोहरी भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। इस बीच, सलोनी बत्रा ने सीक्वल में अपनी वापसी पर बात की है।

संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित एनिमल पार्क में सलोनी को फिर दमदार किरदार में देखा जाएगा।

उन्होंने कहा, मैं एनिमल 2 में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए निर्माता मनोरंजन और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं। यह बॉक्स ऑफिस के लिए और हमारे लिए भी अच्छा है। याद दिला दें कि सलोनी ने फिल्म में, रणबीर की बड़ी बहन का किरदार निभाया था जो बहुत अहम था।

सलोनी ने सिनेमा में अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, यह उतार-चढ़ाव से भरा लंबा सफर रहा है। मेरा मानना है कि जीवन सबके लिए ऐसा ही होता है। क्योंकि आप उस तरह के बैकग्राउंड से नहीं आते, इसलिए हमारे संघर्ष अलग होते हैं, जो कभी-कभी काफी डरावने होते हैं। मैंने इस सफर में बहुत कुछ सीखा है। सलोनी अपनी सीरीज भय से चर्चा में हैं, जो 12 दिसंबर को एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई है।



# घर से ऑफिस का काम करते समय उत्पादकता बढ़ाने के लिए अपनाएं ये तरीके



घर से काम करने का चलन बढ़ गया है। यह न केवल कर्मचारियों को लचीलापन देता है, बल्कि उन्हें अपने समय का बेहतर उपयोग करने का मौका भी देता है। हालांकि, घर से काम करते समय कई बार ध्यान भटकता है और उत्पादकता कम हो सकती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी घर से काम करने की उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं।

**एक निश्चित कार्यस्थल तैयार करें**

घर पर एक निश्चित कार्यस्थल तैयार करना बहुत जरूरी है। इससे आपका दिमाग भी काम के लिए तैयार रहेगा। एक शांत जगह चुनें, जहां आपको कम से कम व्यवधान हो और वहां एक मेज और कुर्सी लगाएं। कुर्सी और मेज की ऊंचाई ऐसी होनी चाहिए कि आप आराम से बैठ सकें और लंबे समय तक काम कर सकें। इस तरह आप काम के दौरान आरामदायक महसूस करेंगे और आपकी उत्पादकता भी बढ़ेगी।

**नियमित दिनचर्या बनाएं**

घर से काम करते समय नियमित दिनचर्या बनाना बेहद जरूरी है। सुबह उठकर एक ही समय पर काम करना शुरू करें जैसे आप ऑफिस जा रहे हों। खाने और आराम के समय भी तय कर लें ताकि आपका दिन संतुलित रहे। इसके अलावा काम खत्म करने का समय भी निश्चित करें। इससे आपका शरीर और दिमाग भी उस समय के लिए तैयार रहेगा और आप अधिक उत्पादक रहेंगे। नियमित दिनचर्या से आपकी काम करने की क्षमता में सुधार होगा।

**तकनीकी साधनों का सही उपयोग करें**

घर से काम के दौरान तकनीकी साधनों का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है। वीडियो कॉलिंग के साधन, ऑनलाइन स्टोरेज सेवाएं और प्रोजेक्ट प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग करें ताकि आपकी टीम संगठित रहे और काम में कोई रुकावट न आए। इसके अलावा समय प्रबंधन के लिए ऐप्स का उपयोग करें ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संभाल सकें। सही तकनीक का इस्तेमाल करके आप अपने काम को अधिक कुशलता से पूरा कर सकते हैं।

**छोटे-छोटे ब्रेक लें**

लगातार काम करने से थकान हो सकती है इसलिए छोटे-छोटे ब्रेक लेना जरूरी है। हर 1-2 घंटे बाद 5-10 मिनट का ब्रेक लें, जिसमें आप थोड़ा टहल सकते हैं, शरीर को खींच सकते हैं या कुछ हल्का खा सकते हैं। इससे आपकी ऊर्जा बनी रहेगी और आप अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। ब्रेक लेने से आपकी मानसिक थकान भी कम होगी और आप अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे।

**सोशल मीडिया पर नियंत्रण रखें**

सोशल मीडिया का उपयोग अक्सर ध्यान भटकाने का कारण बनता है, इसलिए इसे सीमित करें। काम करते समय फोन को दूर रखें या उसे साइलेंट मोड पर रखें ताकि आपकी उत्पादकता बनी रहे। अगर जरूरत पड़े तो सोशल मीडिया ऐप्स को ब्लॉक करने वाले ऐप्स का उपयोग करें ताकि आप अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने घर से काम करने के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं।

## विजय देवरकोंडा की फिल्म एसवीसी59 का टाइटल रिवील राउडी जनार्धना के फर्स्ट लुक में भयानक दिखे एक्टर



श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस द्वारा प्रोड्यूस की गई एसवीसी59 के ऑफिशियल टाइटल का इंतजार अब खत्म हुआ. फैंस इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. उनके इंतजार पर ब्रेक लगाते हुए मेकर्स ने एसवीसी59 के ऑफिशियल टाइटल का खुलासा किया है. इस फिल्म में विजय देवरकोंडा और कीर्ति सुरेश अहम भूमिका में हैं.

एसवीसी59 के मेकर्स ने क्रिसमस से पहले फैंस को तोहफा दिया है. मेकर्स ने सोमवार को एसवीसी59 के ऑफिशियल टाइटल का अनावरण किया है. सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल की झलक साझा करते हुए लिखा है, उसे देखो. उसे सुनो. नाम याद रखना - राउडी जनार्धना टाइटल ग्लिम्प्स अब रिलीज हो गया है. एक ऐसी पहचान का जन्म जो झुकने से इनकार करती है.अक्टूबर में, विजय ने एक शुभ पूजा सेरेमनी के साथ अपनी नई फिल्म की ऑफिशियल एलान किया था और यह कन्फर्म किया कि नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश फीमेल लीड रोल निभाएंगी. मेकर्स ने लॉन्च इवेंट की कुछ तस्वीरे भीं शेयर की थी.

हालांकि फिल्म का वर्किंग टाइटल एसवीसी59 था, लेकिन प्रोड्यूसर दिल राजू ने कन्फर्म किया है कि ऑफिशियल टाइटल राउडी जनार्दन है. इस फिल्म को रवि किरण कोला ने डायरेक्ट किया. यह एक हाई-वोल्टेज एक्शन ड्रामा वाली फिल्म है, जिसमें इमोशनल पहलू होंगे. यह एक ऐसा जॉनर है जिसमें विजय ने अक्सर बेहतरीन काम किया है.

क्रिस्टो जेवियर इस फिल्म के लिए म्यूजिक बना रहे हैं, जो बहुत बड़े बजट में बन रही है. उम्मीद है कि जल्द ही और भी दिलचस्प डिटेल्स अनाउंस किए जाएंगे. फिलहाल यह फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## जन नायकन का हिंदी टाइटल हुआ रिवील, नए पोस्टर में भिड़ते दिखे थलपति विजय और बॉबी देओल



थलपति विजय काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म जन नायकन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आज निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर जारी किया, जिसमें बॉबी देओल और थलपति विजय भिड़ते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ ही निर्माताओं ने इस फिल्म का हिंदी टाइटल रिवील किया है।

फिल्म के इस पोस्टर में विजय और बॉबी देओल के बीच जोरदार टक्कर दिखाई गई है। बैकग्राउंड में आग और तबाही का नजारा है। यह हीरो और विलेन की पुरानी वाली फाइट नहीं, बल्कि विचारधारा और नेतृत्व की जंग का इशारा है। हिंदी टाइटल जन नेता इस थीम को और मजबूत बनाता है। जन नेता जैसे राजनीतिक नाम से फिल्म हिंदी वाले दर्शकों को ज्यादा पसंद आएगी। विजय गंभीर और मजबूत लग रहे हैं, शांत और सिद्धांतों वाली लीडरशिप दिखा रहे हैं। वहीं बॉबी देओल का लुक दबंग और मिलिट्री स्टाइल वाला है। पोस्टर में हेलीकॉप्टर, डायनामाइट और लड़ाई के संकेत हैं, जो बड़े स्तर की एक्शन और राजनीतिक लड़ाई दिखाते हैं।

यह विजय की आखिरी फिल्म है, इसलिए विदेशों में भी जबरदस्त चर्चा है। ओवरसीज में एडवांस बुकिंग बहुत अच्छी चल रही है। निर्देशक एच. विनोद हैं, जो गंभीर कहानियों के लिए जाने जाते हैं। संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है और कास्ट शानदार है। फिल्म 9 जनवरी 2026 को पोंगल के मौके पर दुनिया भर में रिलीज होगी। यह राजनीतिक और एक्शन से भरपूर अनुभव देने वाली है।

## शब्द सामर्थ्य -268


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 267 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू- दोकू क्र.268

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.267 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# विश्व शांति का संदेश लेकर कोरिया पहुँची लिम्का वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम

### शहर में जनजागरुकता फैलाने लोगों से किए चर्चा



**कोरिया बैकुंठपुर।** लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विश्वशांति विश्वपदयात्रा टीम के चार प्रमुख सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप एवं डैन्जर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स के सदस्य व पर्वतारोही गोविन्दा नन्द छत्तीसगढ़ के जिला कोरिया पहुंच कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी से किए सौजन्य मुलाकात।

यह टीम भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रही है। 33 जनपदों की विश्वशांति विश्वपदयात्रा व रथयात्रा के माध्यम से यह अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में जनमानस को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। टीम द्वारा अब तक विश्व के 11 देशों में 4 लाख 52 हजार किलोमीटर की ऐतिहासिक विश्वशांति विश्वपदयात्रा पूर्ण की जा चुकी है। वर्ष 2018 में इसी पदयात्रा के दौरान दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक सफल यात्रा कर टीम ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। इस यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुए 14 करोड़ 50 लाख पौधों का रोपण कराया गया है तथा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर जनजागरूकता अभियान और स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। टीम ने देश के लगभग 600 जनपदों में विश्वशांति पदयात्रा करते हुए उत्तराखण्ड के 13 जनपद, उत्तर प्रदेश के 75 जनपद, मध्यप्रदेश, राजस्थान के सभी 33 जनपद, गुजरात के 33 जनपद, केंद्र शासित प्रदेश दमन-दीव व गोवा तथा महाराष्ट्र के 36 जनपदों की यात्रा पूर्ण की है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से अब तक 28 जनपदों की विश्वशांति विश्वपदयात्रा व रथयात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुकी है। जिला कोरिया में पहुंचकर टीम द्वारा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 24 दिसंबर को टीम आम लोगों में जनजागरुकता फैलाने का संदेश दिया। इस विश्वशांति विश्वपदयात्रा की शुरुआत 30 जुलाई 1980 को उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी से अवध बिहारी लाल द्वारा की गई थी। वर्ष 2001 में वर्तमान सदस्य इस टीम से जुड़े और आज यह टीम 20 सदस्यों का स्वरूप ले चुकी है। वर्ष 1980 से पूर्व आई भीषण बाढ़ में अवध बिहारी लाल का पूरा परिवार जलमग्न क्षेत्र में फँस गया था। उस भयावह आपदा में उन्होंने एक बरगद के पेड़ को पकड़कर कई घंटों तक संघर्ष किया और अंततः रेस्क्यू टीम व भारतीय सेना के जवानों द्वारा उनका जीवन बचाया गया। इसी घटना ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण, वन एवं जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मतदाता जागरूकता जैसे सामाजिक उद्देश्यों के लिए जीवन समर्पित करने की प्रेरणा दी। इस यात्रा के दौरान टीम का एक साथी अपने कर्तव्य पथ पर शहीद भी हो चुका है।



### जिला मुख्यालय अटल परिसर पर सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के गांव, कस्बे व शहर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्मदिन के अवसर पर बनाये गए अटल चौक में ग्रामीणों द्वारा अटल जी की तस्वीर में पुष्पांजलि दी गई। साथ ही बड़ी सँख्या में शासकीय-अशासकीय परिसरों को साफ-सफाई किया गया व कचरा साफ किया गया। विदित हो पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन था, अटल परिसर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सुशासन के अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने शपथ लेते हुए कहा- मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्तम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूँगा और शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिये हरसंभव प्रयास करता रहूंगा। प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर कोरिया अनुविभागीय अधिकारी उमेश पटेल, नगर पालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिल के गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### विकसित भारत जी-राम-जी से होगा चंहुमुखी ग्रामीण विकास

## कलेक्टर श्रीमती चंदन के निर्देश पर जिले भर में आयोजित हुईं ग्राम सभाएं



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में ग्रामीण विकास को और समेकित रूप से अग्रसर करने के उद्देश्य से विकसित भारत जी राम जी योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में पूरे जिले में व्यापक जनजागरुकता के लिए ग्राम सभाओं में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयोजित हुईं ग्राम सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को और पंजीकृत श्रमिक परिवारों तथा ग्रामीण जनों को मनरेगा के बदलते स्वरूप से अवगत कराया गया। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन ने ग्राम सभाओं में पेसा अधिनियम के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से अवगत कराने के निर्देश दिए थे साथ ही महात्मा गांधी नरेगा जो अब (जी राम जी) के नाम से प्रवर्तित हो रही है उसके प्रमुख बिंदुओं और योजना के समेकित रूपरेखा के बारे में सभी ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए थे। विदित हो कि राज्य कार्यालय द्वारा जीरामजी यानी विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 की प्रमुख बिन्दुओं का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिले भर में आयोजित हुईं ग्राम सभा में शामिल हुए समस्त ग्रामीणों को विकसित भारत जी राम जी योजना को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उनके शंकाओं का समाधान किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा के द्वारा ग्रामीणों को कंबल बांटा गया



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी कोरिया झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के द्वारा विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम जामपानी में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के 101 वीं जन्म जयंती अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा के द्वारा जामपानी में ग्रामीणों के बीच ठंड के मद्देनजर कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया,साथ ही साथ उपस्थित ग्रामीणों को न्यौता भोजन भी कराया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय अटल को याद करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए उनके प्रति कृतज्ञता भी उपस्थित जनों ने ज्ञापित की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कूड़ेली संजय चिकनजुरी,जिला कार्यसमिति सदस्य धीरेंद्र साहू,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े,भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ एवं कार्यक्रम प्रभारी रोशन राजवाड़े,कार्यक्रम सह प्रभारी अभिजीत दुबे,सरपंच ग्राम पंचायत जामपानी अमेलाल सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## अटल जी के विचारों और जीवन मूल्यों को समर्पित रहा कार्यक्रम

**चिरमिरी।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को स्थायी रूप देने की दिशा में गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की गई। राज्यभर में एक साथ अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम चिरमिरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, मालवीय नगर (नगर पालिक निगम कार्यालय के सामने) स्थित अटल परिसर का लोकार्पण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल रूप से जुड़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय मुख्यमंत्री अरुण साव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। चिरमिरी चिरमिरी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में नगर पालिक निगम चिरमिरी के प्रथम व्यक्ति महापौर श्राम नरेश राय, सभापति संतोष कुमार सिंह, आयुक्त राम प्रसाद आंचला, एमआईसी सदस्य बबलू डे, नरेंद्र साहू, रामौतार, भाजपा के पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके पश्चात वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में संवेदनशीलता, संवाद और सुशासन के प्रतीक थे।

### हेप्पी क्रिसमस प्रभु यीशु का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया

**रायपुर।** राजधानी में क्रिसमस की धूम रही। विभिन्न गिरजाघरों में आकर्षक सजावट एवं इस अवसर पर फटाखे फोड़े गए। राजधानी के बैरन बाजार, राजातालाब एवं अनुपम गार्डन के पास चर्च में क्रिस समुदाय के लोगों ने भाग लिया। राजधानी में आज शांता क्लास, क्रिसमस ट्री एवं हेप्पी न्यू एअर की कार्ड बड़ी संख्या खरीदे गए। इसके अलावा यहां पर कैरोल गायन किया गया। प्रभु ईशु के दिए गए वचनों को याद किया गया। इसके पहले क्रिसमस पर एक रैली भी निकाली गई। बैरन बाजार स्थित चर्च में पादरियों ने भाग लिया तथा लोगों को बधाई दी।

# अटल जयंती पर स्वच्छता दीदियों को बांटे गए कंबल

**चरचा कालरी।** भारत रत्न से सम्मानित देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के शताब्दी जयंती वर्ष एवं सुशासन दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चर्चा के वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती रामकली पाल ने जनसेवा की एक अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर उन्होंने नगर पालिका में कार्यरत लगभग साठ महिला सफाई कर्मियों एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में जुटी मेहनती स्वच्छता दीदियों को कंबल भेंट कर उनका सम्मान किया। अटल परिसर पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में कृष्ण बिहारी जायसवाल जिला अध्यक्ष भाजपा कोरिया, अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा ,राजेश सिंह उपाध्यक्ष शिवपुर चर्चा ,दीपा विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा, श्रीमती उर्मिला सिंह श्रीमती प्रियंका सिंह, साक्षी सिंह ,काजल मोदी, हरीश जायसवाल, सहित काफी संख्या में आम जन उपस्थित थे विदित हो कि श्रीमती रामकली पाल नगर पालिका शिवपुर-चर्चा की सर्वाधिक अनुभवी महिला जनप्रतिनिधि हैं। ग्राम पंचायत सरडी के समय से लेकर ग्राम पंचायत शिवपुर के गठन और वर्तमान नगर पालिका के स्थायी कार्यकाल तक वे निरंतर क्षेत्रवासियों की सेवा करती आ रही हैं। पालिका क्षेत्र की वे एकमात्र ऐसी जनप्रतिनिधि मानी जाती हैं जो बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के दुख-सुख में सहभागी बनती हैं। निष्पक्ष भाव से सेवा करना मानो उन्होंने अपना धर्म बना लिया है।

यही कारण है कि पिछले नगर पालिका चुनाव में उन्होंने प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा और कांग्रेस को करारी शिकस्त देते हुए पार्षद पद पर विजय हासिल की। जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता उनके सतत सामाजिक सरोकार और कर्मठता का प्रमाण है।इस अवसर पर पार्षद रामकली पाल ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी मेरे लिए केवल एक महान नेता नहीं, बल्कि सेवा, सद्भाव और सुशासन के जीवंत प्रतीक हैं। मैं उन्हें अपना प्रेरणास्रोत मानती हूँ। सुशासन दिवस पर मैं संकल्प लेती हूँ कि अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचे, इसके लिए जीवनभर निष्पक्ष और निस्वार्थ भाव से कार्य करती रहूँगी।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छता कर्मियों ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और इसे अपने परिश्रम के सम्मान के रूप में बताया। अटल जयंती पर की गई यह पहल न केवल सामाजिक संवेदनशीलता का परिचायक बनी, बल्कि अटल विचारधारा—सेवा, समर्पण और मानवता को धरातल पर उतारने का सशक्त उदाहरण भी सिद्ध हुई।

## गतिविधियां संगठन आधारित होगी तो सहजता से लक्ष्य हासिल करेंगे

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न,



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** विकासखंड सोनहत मुख्यालय अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी मिनी स्टेडियम मे भाजपा मंडल सोनहत का अटल स्मृति वर्ष के अवसर पर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एमसीबी जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, विधायक रेणुका सिंह, भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, एमसीबी जिलाध्यक्ष चम्पादेवी पावले, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष जगदीश साहू के गरिमामयी उपस्थिति एवं मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े के अध्यक्षता मे संगठनात्मक बैठक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि, संगठन मे कार्यकर्ताओं को समय समय पर अलग अलग जिम्मेदारी मिलती है, जो संगठन कार्य को क्रियान्वयन करने मे अपना महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करते है। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि, भाजपा के कार्यकर्ता शतत् संगठन कार्यों मे लगा रहता है, जिससे समाज और जनता की बीच सेवा भावना के रूप में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है, जिससे संगठन बूथ स्तर पर मजबूत होता है। विधायक रेणुका सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, आज भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि जनसेवा का एक सशक्त माध्यम है, जो आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, इसका श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है। एमसीबी जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी मेहनत से संगठन को मजबूत बनाता है, क्षण भर की सूचना पर भी हमारे सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने मे उपस्थित हो जाते है, उन्होंने कहा कि, प्रदेश एवं जिला द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने पूरी निष्ठा एवं सक्रियता से संपन्न कराये।

एमसीबी जिलाध्यक्ष चम्पादेवी पावले ने कहा कि, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रम की रणनीति पर चर्चा कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री ईश्वर राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य व जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, महामंत्री मनोज साहू , सुरेश राजवाड़े, सहादुर, कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल, केपी सिंह, सुरेश तिवारी, नवरत्न पाण्डेय,रामप्रताप सिंह, संदीप साहू, मनीलाल सोनपाकर, श्रीपत गुप्ता, मोतीलाल राजवाड़े, शम्भूदयाल सोनपाकर, राजेश्वर साहू, धरमसाय राजवाड़े, जयकरण यादव, सुमित राजवाड़े, जतनसाय पैकरा, चन्द्रिका जायसवाल, दुर्बेन्द्र चेरवा, अनिल जायसवाल, धनेश्वर सिंह, राजेश साहू, भोला यादव, जगदीश नारायण सिंह, आलेश्वरी गौतम, लक्ष्मी राजवाड़े, सोनिया राजवाड़े, चिराग तिवारी, अनुज कुमार , अरविंद राजवाड़े, देवब्रत गिरी, अमर साय, पूरन राजवाड़े, कपिल सिंह, हरिशचन्द्र राजवाड़े, दिलीप यादव, टिकेश्वर राजवाड़े, विक्की सारथी, देवीदयाल कुर्रे, लालजी मिंज सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक-सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष-सचिव व बी.एल.ए.2 उपस्थित रहें।

## धान खरीदी में लापरवाही पड़ी भारी: दो पटवारी निलंबित, कलेक्टर का सख्त एक्शन

**बलरामपुर।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले दो पटवारियों के खिलाफजिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर ने रामचंद्रपुर तहसील में पदस्थ पटवारी बंधन राम और रामानुजगंज तहसील में कार्यरत पटवारी विजय यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार धान खरीदी वर्ष 2025-26 के दौरान दोनों पटवारियों ने अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर अनियमितता और लापरवाही की। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रावधानों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए निलंबन का आदेश जारी किया। निलंबन अवधि के दौरान पटवारी बंधन राम का मुख्यालय तहसील कार्यालय कुसमी तथा पटवारी विजय यादव का मुख्यालय तहसील कार्यालय शंकरगढ़ निर्धारित किया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि निलंबन काल में दोनों पटवारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। इस कार्रवाई से राजस्व अमले में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नागरिकों की बेहतर सेवा के लिए शासन का निरंतर विकसित होना आवश्यक है

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुशासन की दिशा में हो रहे परिवर्तन और प्रशासनिक संस्कृति के सुदृढ़ होते स्वरूप को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 की घोषणा की। यह पुरस्कार राज्य के विभिन्न जिलों और विभागों द्वारा लागू किए गए उन नवाचारों को सम्मानित करने हेतु दिए जाएंगे, जिन्होंने शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा स्थापित ये पुरस्कार इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि राज्य शासन सार्वजनिक प्रशासन के केंद्र में नवाचार, ठोस परिणाम और नागरिक हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

### सेना के जवानों ने सिखा तनाव से पिजात पाने और खुश रहने का तरीका

**रायपुर।** इन्टरनेशनल माइण्ड एण्ड मेमोरी मैनेजमेन्ट ट्रेनर ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह के मार्गदर्शन में नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर में आर्मी के जवानों के लिए राजयोग मेडिटेशन का एक सत्र रखा गया। कार्यक्रम में कोसा के ब्रिगेडियर तेजिन्दर सिंह गाबा सहित बड़ी संख्या में सेना के अधिकारी और जवान सपरिवार उपस्थित थे। विषय था- हैप्पीनेस को हाय और टेन्शन को बायब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह ने कहा कि तनाव से बचने के लिए मन में पैदा होने वाले विचारों की संख्या (क्वांटिटी) को कम करना है और उसकी गुणवत्ता (क्वालिटी) को बढ़ाना है। इस देश में माइण्ड को सेट करने का तरीका सिखलाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के अलावा दूसरा कोई संस्थान नहीं है। माइण्ड को सेट करने के लिए राजयोग मेडिटेशन सबसे अच्छा तरीका है। जैसे मोबाईल की बैटरी को रोज चार्ज करते हैं, उसी प्रकार माइण्ड को भी रोज चार्ज करने की जरूरत है। रात को जब हम सोते हैं तो सिर्फशरीर को आराम मिलता है किन्तु मेडिटेशन करने से आत्मा को शान्ति की अनुभूति होती है।उन्होंने आगे बतलाया कि ताली बजाना अच्छा एक्सरसाईज है। इसलिए कहते हैं कि ताली बजाओ रोग भगाओ।

# कई पुराने भवनों को तोड़ने के साथ नालंदा परिसर तैयार होगा जिले में

**कोरिया।** जिला मुख्यालय में नालंदा परिसर के लिए प्रस्तावित विश्राम भवन के निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया तेज हो गई है. इसके लिए भूमि का चयन पहले ही किया जा चुका है और पुरानी बाउंड्री के साथ जल संसाधन विभाग से जुड़े भवनों को तोड़ने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

कोरिया जिला मुख्यालय में नालंदा परिसर के लिए प्रस्तावित विश्राम भवन के निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया तेज हो गई है. इसके लिए भूमि का चयन पहले ही किया जा चुका है और पुरानी बाउंड्री के साथ जल संसाधन विभाग से जुड़े भवनों को तोड़ने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है. निर्माण कार्य को गति देने के उद्देश्य से एक के बाद एक विभागीय ढांचे हटाए जा रहे हैं, ताकि निर्धारित समय पर परियोजना को आगे बढ़ाया जा सके. रूविभाग के दफ्तर को लेकर कोई ठोस फैसला नहींमजबूरी में विभाग को अपने ट्रक और अन्य वाहनों में सामान भरकर रखना पड़ रहा है, जिससे न केवल कार्य प्रभावित हो रहा है बल्कि संसाधनों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है. सबसे गंभीर पहलू यह है कि ई एंड एम विभाग के लिए नए कार्यालय के स्थान को लेकर अब तक जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

न तो अस्थायी व्यवस्था की गई है और न ही स्थायी भवन के लिए कोई स्थल तय किया गया है.सूरजपुर शिफ्ट करना पड़ सकता है ऑफिसविभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि जल्द ही कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया तो कार्यालय को सूरजपुर शिफ्ट करने की नौबत आ सकती है. यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब कोरिया जिले के विभाजन के बाद भी कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालय आज तक मनेन्द्रगढ़ से कोरिया जिला मुख्यालय में स्थानांतरित नहीं हो पाए हैं.पहले से ही प्रशासनिक असंतुलन की स्थिति बनी हुई है और यदि ई एंड एम विभाग का कार्यालय भी जिले से बाहर चला गया तो यह कोरिया के लिए एक और बड़ा नुकसान साबित हो सकता है. स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठने लगे हैं कि विकास कार्यों की आड़ में विभागीय कार्यालयों को हटाने से पहले उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई.प्रशासन की इस अनदेखी से न केवल विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि जिले की प्रशासनिक संरचना पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका गहराती जा रही है।

### जिले के नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में धूमधाम से मनाया गया सुशासन दिवस

**सूरजपुर।** जिले के विभिन्न नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर 2025 को सुशासन दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अटल जी के चित्र एवं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके सुशासन, राष्ट्रनिर्माण और जनकल्याण के विचारों को स्मरण किया गया। जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत जमदेई सहित अन्य पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके आदर्शों एवं सुशासन की अवधारणा पर प्रकाश डाला गया। नगर पंचायत प्रेमनगर में अटल जयंती के अवसर पर अटल परिसर लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत अवंतिकापुर में भी अटल जयंती एवं सुशासन दिवस मनाया गया, जहां ग्रामीणों को सुशासन के महत्व की जानकारी दी गई। नगर पंचायत प्रतापपुर में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों की सहभागिता रही। इसके साथ ही प्रेमनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुली में भी सुशासन दिवस मनाया गया और अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद किया गया। सभी कार्यक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सुशासन, पारदर्शिता, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा की प्रेरणा देता है। उनके विचारों को आत्मसात कर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही सुशासन दिवस का उद्देश्य है।

### छत्तीसगढ़ में पुष्प खेती से बदल रही किसानों की तकदीर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के खेतों में अब धान की फसल के साथ-साथ खुशबू और रंग भी लहलहाने लगे हैं। परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए प्रदेश के किसान तेजी से पुष्प खेती की ओर रुख कर रहे हैं। बीते दो वर्षों में राज्य में फूलों की खेती का रकबा 3405 हेक्टेयर बढ़ा है और उत्पादन 35 हजार 866 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। यह बदलाव न सिर्फ खेती के स्वरूप को बदल रहा है, बल्कि किसानों की आमदनी में भी नई खुशहाली घोल रहा है। राज्य सरकार की फसल विविधिकरण नीति के तहत वर्तमान में पुष्प फसलों का कुल रकबा 12 हजार हेक्टेयर हो चुका है। किसान अब ग्लेडियोलस, रजनीगंधा और गेंदा जैसे फूलों की खेती कर रहे हैं, जिन्हें बाजार आसानी से मिल जाता है। मांग स्थिर होने के कारण फूल किसानों के लिए नगदी फसल बनते जा रहे हैं। केंद्र परिवर्तित राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत पुष्प क्षेत्र विस्तार के लिए प्रति हेक्टेयर 50 हजार से 2.50 लाख रुपए की इकाई लागत पर 40 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है, यानि किसानों को 20 हजार से एक लाख रुपए तक की सहायता सीधे मिल रही है। उद्यानिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्लेडियोलस और रजनीगंधा फूल की अधिकतम दो हेक्टेयर में खेती पर अनुदान की पत्रता का प्रावधान है।

### सांसद महंत जवाली में लेगें सभा

**कोरबा।** केन्द्र सरकार के द्वारा मनरेंगा का नाम बदलने पर कांग्रेसी नाराज हो गए है। और उनके द्वारा पूरे देश भर में आंदोलन किए जा रहे है। इसी तारत्मय में जवाली में भी एक आम सभा 28 दिसंबर को रखी गई है। जिसमें कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत के अलावा पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहन उपस्थित रहेगें। इसके अलावा प्रत्येक ब्लाक क्षेत्रों में जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें बताया जाएगा कि मनरेंगा के नाम बदलने व योजना में परिवर्तिन करने से क्या नुकसान होगा। ब्लॉक क्षेत्रों में चौपाल लगाए जाएगें । कटघोरा ग्रामीण में गोरेलाल यादव,दीपका ब्लॉक में दिलीप सिंह विशाल शुक्ला,रहमान खान, सद्दाम ,बांगी मोंगरा में टीकाराम मनहरण , प्रदीप अग्रवाल, अजय प्रसाद,फिरोज अनंत , यशपाल कंवर, धनजय दीवान, संजय आजाद तैयारी में जुट गए है। इस चौपाल कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रभा तवर महामंत्री भुनेश्वरी दास का भी सहयोग रहेगा।

### वीर बाल दिवस पर श्रद्धाजंलि कार्यक्रम

**कोरबा।** आज वार बाल दिवस के अवसर पर बालको भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने गुरूद्वारा में एक कार्यक्रम आयोजित किया है। जहां वीर बालको श्रद्धाजंलि दी जाएगी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव, सपत यादव, जय रौठज्ञर, राजा शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### सीसी रोड के लिए भूमि पूजन

**कोरबा।** रामपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक फुलसिंह राठिया ने तिलकेजा सहित तीन ग्रमीणों में सीसी रोड के लिए भमि पूजन किया । जिला पंचायत की सदस्य सुषमिता अनंत के द्वारा लगातार क्षेत्र में सीसी रोड बनाने की मांग की जा रही थी। इसके अलावा कई गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन किराए पर चल रहे है। भवन निर्माण के लिए भी लगातार मांग की जा रही है। पिछले दिनों खोडल में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

### पेयजल के लिए किया गया सर्वे

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में पेयजल की समस्या को देखते हुए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने कल ग्राम पुरेना पहुंचकर सर्वे किया । इस क्षेत्र में बांकी मोंगरा की बंद पड़ी भूमिगत खदान है। खदान के भीतर पानी की मात्रा बहुत अधिक है।जिसको लेकर यूनियन प्रतिनिधि व अधिकारी काफी गंभीर है। वे चाहते है कि पानी का उपयोग गेवरा कॉलोनी के लोगों के लिए किया जाए। गेवरा के यूनियन प्रतिनिधि रेशम लाल यादव, दीपक उपाध्याय, मदन सिंह, जनाराम कर्ष, सहित अन्य सदस्यों ने सर्वे के बाद अधिकारियों के साथ बैठक करेगें। एवं अन्य विकल्पों पर भी चर्चा की जाएगी।

*__कोरबा।__ अप्पू गार्डन में अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष पर लोगों के लिए मनोरंजक कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई है।

# महतारी वंदन : धनराशि रूकने पर हितग्राहियों से केवायसी के नाम पर लूट

### च्वाइस सेंटर के झमेले में महिलाएं परेशान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने चुनाव से पहले किए वादे को निभाते हुए पात्र महिला हितग्राहियों के मामले में लाभ देना शुरू किया है। महतारी वंदन योजना इसी का नाम है। जिले में कई लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही है। खबर के अनुसार कुछ मामलों में धनराशि रूकने पर केवायसी का जोर है और इसी के जरिए च्वाइस सेंटर वाले महिलाओं को चपत लगा रहे हैं।

जानकारी मिली कि आवेदकों ने महतारी वंदन के लिए दो वर्ष पहले जो प्रक्रिया की थी उसके अंतर्गत जरूरी आवेदन जमा कराए थे। जिन मामलों में कुछ दस्तावेज नहीं हैं या किसी स्तर पर शिकायत हुई, ऐसे प्रकरणों का सत्यापन होने तक सर्विस ब्रेक हुई है। कुछ महीने पहले ही बड़ी संख्या में अपात्र हितग्राहियों को बाहर का




रास्ता दिखाया गया। उसके बाद नई व्यवस्था में अनेक हितग्राहियों ने बैंक पहुंचकर केवायसी कराया, जिसके बाद समस्या निराकृत हुई। देखने को आ रहा है कि पिछले कुछ दिनों से अचानक च्वाइस सेंटर में महिलाओं की भीड़ महतारी वंदन के चक्कर में लग रही है। जानकारी सूत्रों का कहना है कि कतिपय आंगनबाड़ी केंद्रों या च्वाइस सेंटर से महिलाओं के पास फोन आते हैं। इनमें कहा जाता है कि उनके खाते को किसी कारण से बंद किया गया है इसलिए महतारी वंदन का लाभ लेने के लिए केवायसी की प्रक्रिया करानी आवश्यक है। ऐसे प्रत्येक मामले के लिए 100 रुपए की वसूली च्वाइस सेंटर वाले कर रहे हैं। हितग्राहियों की सोच ये है कि अगर हर महीने एक हजार रुपए का निश्चित फायदा होना है तो फिर 100 रुपए का बलिदान छोटी बात है। उनकी समस्या तब बढ़ जाती है जब एक च्वाइस सेंटर में प्रक्रिया पूरी होती है तो कुछ दिन के बाद फिर अगला फोन आता है कि उन्हें केवायसी फिर से कराना होगा। इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं और इससे महिलाएं परेशान हैं। उन्हें लग रहा है कि कहीं न कहीं झोल जरूर है।

इस पूरे मामले में ध्यान देना होगा कि महिलाओं के खाते राष्ट्रीयकृत बैंकों में संचालित हो रहे हैं और खाते खुलवाने के दौरान उनके द्वारा न केवल दस्तावेज जमा किए गए बल्कि इसे आधार और अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से भी लिंक कराया गया। सवाल ये है कि जब व्यवस्था का केंद्रीकरण बैंकों से है तो फिर केवायसी का झमेला च्वाइस सेंटर में क्यों?

### आखिर दिशा निर्देश कौन करेगा जारी

कोरबा नगर के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों से महतारी वंदन की राशि की निरंतरता और केवायसी के लोचे ने हितग्राहियों को परेशान किया है। पूरे मामले में च्वाइस सेंटर की भूमिका आखिर क्यों होना चाहिए, यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है। जब बैंकों से केवायसी की सुविधा उपलब्ध है तो फिर प्रशासन को इस मामले में दखल क्यों नहीं देना चाहिए। यह विषय व्यापक जन महत्व का है। महिलाओं के हित में केवायसी को लेकर बैंकों को दिशा निर्देश जारी किए जाएं, इसके लिए जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को प्रशासनिक स्तर पर पहल करने की आवश्यकता है।

सीतामणी क्षेत्र में मचा कोहराम

## दुकानदारों को भागने मजबूर किया मधुमक्खियों ने

**कोरबा।** शहर के व्यस्ततम इलाके सीतामढ़ी मुख्य मार्ग पर आज सुबह करीब 11 से 11:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों और दुकानदारों पर अचानक हमला कर दिया। घटना चंडिका मंदिर के सामने उस स्थान की है, जहां रोजाना हटरी लगती है और लोगों की आवाजाही बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे स्थित एक पुराने पेड़ पर मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता बना हुआ है। सुबह के समय जब बाजार क्षेत्र में चहल-पहल थी, तभी मधुमक्खियां अचानक झुंड के रूप में बाहर निकलीं और लोगों पर हमला शुरू कर दिया। हमले से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। कई दुकानदारों ने तत्काल अपनी दुकानें बंद कर लीं, जबकि राहगीर सिर छिपाने के लिए सुरक्षित स्थान तलाशते रहे। करीब 15 से 20 मिनट तक इलाके में



भय का माहौल बना रहा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि छत्ता काफी ऊंचाई पर है और आम लोगों की पहुंच से बाहर है, जिससे इसे हटाना आसान नहीं है। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि किसी जानकार टीम के माध्यम से छत्ते को सुरक्षित रूप से हटवाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। फिलहाल घटना के बाद स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन लोगों में डर बना हुआ है।

## शांति और सुरक्षा का सवाल, 15 स्थायी सहित 51 वारंटी धरे गए

**कोरबा।** पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान 'ऑपरेशन शांति' संचालित किया जा रहा है। नववर्ष के पूर्व कार्रवाई करते हुए कोरबा पुलिस ने विभिन्न थानों के कुल 51 वारंटियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 15 स्थायी वारंटी भी शामिल हैं। ये सभी वारंटी लम्बे समय से न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद गिरफ्तारी से बचते हुए फरार थे, जिन पर कड़ी निगरानी रखकर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा संचालित 'ऑपरेशन शांति' का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। असामाजिक तत्वों एवं वारंटियों के विरुद्ध यह विशेष कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से कहा कि आसपास के संदिग्धों की जानकारी दें।



शारदा विहार पार्क में गुरुवार की शाम राम नाम लेखन पुस्तिकाओं की पूजा अर्चना के साथ हनुमान चालीसा पाठ किया गया। यहां आयोजित हिंदू सम्मेलन को सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश नाहक और कल्पना मिश्रा ने संबोधित किया। प्राचार्य रूबी मुखर्जी ने संचालन किया। काफी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

## दूसरे से अफेयर, प्रताड़ित युवती ने की खुदकुशी

### आरोपी दिलहरण मरकाम को किया गिरफ्तार

**कोरबा।** दूसरे युवक से अफेयर होने का संदेह व्यक्त करने के साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित करने से दुखी प्रेमिका ने आखिरकार खुदकुशी कर ली। मोबाइल के सीडीआर की जांच और कुछ फोटो की छानबीन के आधार पर कोरबी पुलिस ने आरोपी दिल हरण मरकाम को भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 में गिरफ्तार किया है। आज उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

पसान थाना की कोरबी चौकी के पाली गाँव मे बेचनी कुमारी का लव अफेयर मरकाम से था, इस तरह की सूचना पुलिस को घटना के बाद मिली। युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की। 20 दिन पहले यह घटना हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू की। चौकी प्रभारी एसके जोगी ने बताया कि इस दौरान मोबाइल कॉल डिटेल्स और आदि चीजों को सामने रखा गया। कुछ लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान यह बात सामने आई कि दिलहरण के द्वारा मृतका को यह कहकर प्रताड़ित किया जा रहा था कि उसका किसी और से चक्कर है। यह बात उसे नागवार गुजरी और उसने खुद को खत्म कर लिया। पुलिस ने बताया कि तथ्यों के सामने आने के साथ अगली कार्रवाई की गई और पाली गांव से रेड कार्रवाई करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। संबंधित प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है । आरोपी को आज ही कटघोरा कोर्ट में प्रस्तुत करने के साथ जेल रवाना किया।

## जीवन जीने की पद्धति है हिंदुत्व : मंजू

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित हिंदू सम्मेलन ग्राम हरदी बाजार के ओम पैलेस एवं ग्राम कोरबी में संपन्न हुआ। जिसमें श्रीराम नाम लेखन महायज्ञ में ग्राम वासियों को प्रदत्त श्रीराम पुस्तिका को संग्रह कर उसकी पूजा अर्चना की गई। साथ ही मातृशक्ति द्वारा भजन कीर्तन किया गया।



इस अवसर पर हरदी बाजार में मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह सेवा प्रमुख श्रीमती मंजू अजय दुबे, रेख राम पांडेय,अजय कुमार दुबे, शशिधर सोनी, सुरेन्द्र राठौर, हरि शंकर पटेल कानहूचरण, योगेश मिश्रा एवं उपस्थित मातृ शक्तियो ने मिलकर सर्वप्रथम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती मंजू अजय दुबे ने हिंदूत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि हिंदूत्व जीवन जीने की एक पद्धति है। ग्राम कोरबी में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक सत्येन्द्र दुबे रहे। जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकास गाथा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय राठौर एवं विशिष्ट अतिथि दुर्गेश कश्यप रहे। संचालन अमरनाथ कौशिक व आभार प्रदर्शन अजय दुबे ने किया।


### बीमार कामगारों को मिलेगा लाईट जॉब

**कोरबा।** एसईसीएल के खदान क्षेत्रों में अनेको कामगार बीमार रहते है। और वें अपने काम को ठीक ढंग से नही कर पाते है। प्रबंधन ऐसे कामगारों को लाईट जॉब देना चाहते है। जिसके लिए सभी क्षेत्रों में फार्म भरने का काम उस फार्म का अवलोकन चिकित्सक करेंगे जिसके आधार पर जॉब में परिवर्तिन हो सकेगा। कई ऐसे डंफर व ड्रील आपरेटर है जो सही ढंग से काम नही कर पाते है। एसईकेएमसी के जीवराखन चंद्रा व छंद राम राठौर ने प्रबंधन के साथ मुलाकात करते हुए एक बीमार कामगार का जॉब परिवर्तिन कराने के लिए आवेदन लगाया।

## सेंद्रीपाली में उत्पात मचाया दंतैल ने

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में सक्रिय दंतैल हाथी ने बीती रात सेंद्रीपाली गांव में दो ग्रामीणों के बाड़ी में प्रवेश कर भारी उत्पात मचाया। इस दौरान दंतैल ने वहां लगे केला व अन्य सब्जी के पौधों को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया जिससे संबंधित ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। दंतैल के उत्पात से प्रभावित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और रात में दंतैल द्वारा किए गए नुकसानी आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयारी की।

ज्ञात रहे कटघोरा व कोरबा वनमंडल में लगातार तीन दिन में



तीन ग्रामीणों को मारने के बाद दंतैल करतला रेंज पहुंचा है। तीन दिनों तक वह बड़मार क्षेत्र में विचरण करता रहा, तत्पश्चात् पीडिया के रास्ते सेंद्रीपाली पहुंच गया और गांव के आसपास मंडरा रहा है। हाथी ने एक दिन पहले सेंद्रीपाली में गन्ने की फसल को भी नुकसान पहुंचाने के साथ बाउंड्रीवॉल को भी तोड़ दिया था। हाथी के क्षेत्र में मंडराने से ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग की अलग-अलग टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है। गांव में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। उधर कटघोरा वनमंडल में 53 से अधिक हाथी मौजूद हैं। अकेला घूम रहा दंतैल ने ग्राम आमाटिकरा मोहल्ले में त्रिभुवन रावत के मकान को तोड़ दिया। वह अपने परिवार के साथ दूसरे कमरे में दुबका रहा। इसके पहले फुलसर और कोरबी में भी मकान को क्षतिग्रस्त किया था।

## एनसीसी के कैम्प में कैडेट्स ने जाना आग लगने पर कैसे करें रोकथाम

**कोरबा।** घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने या सार्वजनिक स्थानों पर आगजनी की स्थिति में त्वरित और सही कदम कैसे उठाए जाएं, इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट्स को दिया गया। यह प्रशिक्षण विद्युत गृह हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक-1 के खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें आग पर नियंत्रण के प्रारंभिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई।


सीजी बटालियन-1 एनसीसी बटालियन कोरबा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, कोरबा में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसका समापन 28 दिसंबर को होगा। कैंप कमांडेंट कर्नल सेंथिल कुमार एस. के नेतृत्व में कैडेट्स को प्रतिदिन सैन्य प्रशिक्षण के अंतर्गत शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, नेविगेशन, टेंट पिचिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग सहित अन्य विषयों का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही मोटिवेशनल एवं सुरक्षा संबंधी व्याख्यान भी नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में आईपीका कोरबा की फायर फाइटिंग टीम के फायरमैन सुनील कश्यप, प्रेम लहरे, मानसिंह व ध्रुव, सोनुराम साहू, ग्रिजेश एवं प्रेमलाल साहू ने कैडेट्स को आगजनी की स्थिति में सबसे पहले 101 नंबर पर सूचना देने की सलाह दी। उन्होंने आग के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार की आग में पानी, ठोस कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर एडम ऑफिसर कर्नल अमित यादव, सूबेदार मेजर डूंगर सिंह, कैंप एडजुटेंट कैप्टन राजेंद्र सिंह, एएनओ सहित अन्य अधिकारी एवं जांजगीर, सरगुजा, कोरिया, पेंड्रा, बिलासपुर व कोरबा जिलों से आए लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। कैडेट्स को प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जब कभी भी कहीं आगजनी की घटना हो तो कोशिश यह होनी चाहिए उस स्थल पर भीड़ न जुटे। क्योंकि इससे बचाव कार्य व आपातकालीन अग्निशमन सेवा में बाधा उत्पन्न होती है। यदि आग आपके कपड़ों में लग जाए तो भागे नहीं, इससे आग और भभकेगी, जमीन पर लेट जाएं और उलट-पुलट करें या कंबल, कोट या भारी कपड़े से ढंककर आग बुझाएं। जहरीली गैस तथा धुआं सबसे पहले छत की तरफ इकट्ठा होता है, इसलिए अगर धुआं हो तो जमीन पर झुककर या लेटकर निकलें।

### समाज को संगठित करने की होगी कोशिश : मनक

**कोरबा।** जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनकराम साहू ने कहा है कि समाज को संगठित करने के लिए भरसक कोशिश की जाएगी। पिछले दिनों कार्यकारिणी का गठन करने के साथ शपथ ली जा चुकी है। पूर्व पार्षद मनकराम साहू ने कहा कि साहू समाज कोरबा जिले में काफी अच्छी स्थिति में है। उसने सामाजिक संगठन के मामले में अपनी अलग पहचान बनाई है। वह कुछ नए आयाम पर काम करने की तैयारी में है। इसके माध्यम से युवा शक्ति की क्षमता का बेहतर उपयोग किया जाएगा।

### वायु प्रदूषण बना चुनौती

**कोरबा।** औद्योगिक नगर में वायु प्रदूषण एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। समाधान के लिए केवल वायदे हो रहे हैं लेकिन काम का अतापता नहीं है।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com